संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21,अंक -28 शुक्रवार ,29 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी को मारने की साजिश की धमकी का आया कॉल,मचा हड़कंप



**मुंबई,28 नवम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की साजिश से जुड़े एक फोन कॉल की जांच जारी है। खबर है कि मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल आया था, जिसमें पीएम के खिलाफ साजिश की बात कही गई थी। फिलहाल, जांच जारी है और पुलिस ने एक महिला को भी हिरासत में लिया है। कहा जा रहा है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन आया था, जिसमें कॉलर ने पीएम मोदी का जिक्र किया था। कॉलर का दावा है कि पीएम मोदी को मारने का प्लान तैयार था और हथियार भी तैयार थे।

### मानव तस्करी मामले में 6 राज्यों के 22 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी




**नई दिल्ली,28 नवम्बर 2024(ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी मानव तस्करी मामले में 6 राज्यों के 22 जगहों पर छापेमारी कर रही है। विदेशी हाथ होने के शक में एनआईए ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक कई देशों से इसके अंतरराष्टीय तार जुड़े हुए है। 2024 में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने मामला दर्ज किया था।
साइबर फ्रॉड मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने यह बड़ी कार्रवाई की है। साइबर फ्रॉड के जरिए बिहार गोपालगंज के युवाओं को विदेश में नौकरी देने के नाम पर लुभाया गया फिर जब वो विदेश गए तो उन्हे फर्जी काल सेंटर में बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड का काम करवाया गया। वहीं म्यांमार लाओस से इस रैकेट के तार जुड़े होने की आशंका है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मामला गरमाया

- » मोदी सरकार के साथ क्यों खड़ी है ममता
- » बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार पर ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया
- » पड़ोसी मुल्क में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार और वर्तमान स्थिति पर जताई चिंता
- » बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है...



**नई दिल्ली,28 नवम्बर 2024(ए)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार पर ममता बनर्जी मोदी सरकार के साथ खड़ी दिख रही हैं। बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी और हिंदुओं पर बढ़ते हमलों को लेकर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। कई नेताओं ने मोदी सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से तुरंत दखल की मांग की है। यह घटना सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हुई। इसके बाद अल्पसंख्यकों पर जारी हिंसा से तनाव बढ़ गया है।

### टीएमसी सांसदों ने भी हिंदुओं पर हमले की निंदा की

इससे पहले टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी और सीनियर नेता सौगत रॉय ने हमलों की निंदा की और कड़ी कार्रवाई की मांग की। अभिषेक बनर्जी ने कहा, ÷बांग्लादेश में जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए। सांसद सौगत रॉय ने भी घटना की निंदा की और कहा कि यह चिंता का विषय है कि हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं इसकी निंदा करता हूं। सरकार को इस मामले में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करना चाहिए।'

### ममता बनर्जी ने बांग्लादेश के हालात पर जताई चिंता

इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर केंद्र के साथ हैं। गुरुवार को उन्होंने विधानसभा में बांग्लादेश में वर्तमान स्थिति को लेकर चिंता जताई। हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह इस मामले पर टिप्पणी नहीं करना चाहतीं, क्योंकि यह दूसरे देश से संबंधित मामला है। बनर्जी ने विधानसभा में स्पष्ट किया कि इस मुद्दे को केंद्र सरकार को सुलझाना है और राज्य सरकार केंद्र के निर्णय का पालन करेगी।
इस मुद्द पर केंद्र के साथ हैं। ममता बनर्जी ने कहा, 'बांग्लादेश एक अलग देश है। भारत सरकार इस पर गौर करेगी। यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। हमें इस बारे में बात नहीं करनी चाहिए और न ही इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए। हालांकि हमें (बांग्लादेश में वर्तमान स्थिति को लेकर) अंदर से दुख है, लेकिन हम केंद्र द्वारा निर्धारित नीतियों का पालन करते हैं।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मामले पर 'इस्कॉन' के प्रतिनिधियों से बात की है। हालांकि उन्होंने इस्कॉन अधिकारियों से हुई बातचीत के संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी।

### केंद्र के साथ क्यों सुर मिला रहीं ममता?

केंद्र की बीजेपी सरकार और पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के बीच अक्सर अक्सर विवाद की स्थिति देखने को मिलती है। बीजेपी लगातार ममता सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देने जैसे गंभीर आरोप लगाती रही है। जब से बांग्लादेश में राजनीतिक संकट शुरू हुआ, उसके बाद से ही ममता बनर्जी के सुर बदले हुए हैं। पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश की करीब 2200 किलोमीटर की लंबी सीमा लगती है। ऐसे में वहां के बदलते हालातों का असर यहां भी देखने को मिला। राज्य में किसी तरह से हालात न बिगड़ें इसके लिए शुरू से ही ममता बनर्जी केंद्र के साथ खड़ी हुई दिख रही हैं।

### बांग्लादेश मुद्दे पर पहले भी केंद्र के साथ खड़ी दिखीं

ऐसा पहली बार नहीं है जब ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार का साथ दिया है। इसी साल जब बांग्लादेश में हिंसा भड़की और शेख हसीना ने पीएम पद से इस्तीफा दिया, तब भी ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार के साथ खड़े होने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मैं बंगाल के सभी लोगों से शांत रहने का अनुरोध करती हूं। पड़ोसी देश में गरमाए माहौल के बीच मुख्यमंत्री ने सुदूर बंगाल के निवासियों को शांत रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी को भी भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए। ये दो देशों का मामला है। मैं भारत सरकार की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन करूंगी।

# झारखंड की कमान एक बार फिर हेमंत सोरेन के हाथ



### » चौथी बार ली सीएम पद की शपथ

**रांची,28 नवम्बर 2024(ए)।** झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन ने गुरुवार को शपथ ली। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मंच पर हेमंत सोरेन के पिता और पूर्व सीएम शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।
उन्होंने राज्य के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हमारी लड़ाई अटल है, अविराम है। संघर्ष जारी है और आखिरी सांस तक रहेगा। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन को 56 सीटें हासिल हुई हैं। झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा माले को दो सीटों पर जीत मिली है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन को झारखंड का सीएम बनने पर दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही उनके आगे के कार्यकाल की भी शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई देता हूं। उनके आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हेमंत सोरेन को झारखंड का सीएम बनने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में पुनः शपथ लेने के लिए हेमंत सोरेन जी को हार्दिक बधाई। मैं उन्हें उनके नए कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए हेमंत सोरेन जी और मेरी प्यारी कल्पना सोरेन को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। झारखंड की जनता ने एक बार फिर इंडिया और हेमंत सोरेन को सेवा का मौका दिया है। अबुआ सरकार चुनने वाली झारखंड की जनता को भी खूब बधाई।

# प्रियंका गांधी ने सांसद पद की शपथ ली

**वायनाड,28 नवम्बर 2024(ए)।** प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार (28 नवंबर) को संसद सत्र के तीसरे दिन वायनाड सांसद के तौर पर शपथ ली। प्रियंका गांधी पारंपरिक दक्षिण भारतीय साड़ी में शपथ ग्रहण करने पहुंची। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें संसद सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। इस दौरान राजस्थान की नांदेड़ लोकसभा सीट से चुने गए रविंद्र चव्हाण ने भी सांसद पद की शपथ ली।प्रियंका गांधी ने हाथ में संविधान की प्रति पकड़कर सांसद पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण से पहले वह अपनी मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के साथ संसद भवन पहुंची। मीडिया से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि वह इस मौके पर बेहद खुश हैं। इसके साथ ही गांधी परिवार के तीन सदस्य–सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अब एक साथ संसद में उपस्थित होंगे। गौरतलब है कि गांधी परिवार के अन्य सदस्य, मेनका गांधी और वरुण गांधी, भी पूर्व में लोकसभा सदस्य रह चुके हैं, और दोनों वर्तमान में भाजपा में हैं।



# दैनिक घटती-घटना की खबरों की प्रामाणिकता फिर हुई सही साबित

- » महाठग भी घोषित हुआ असफाक उल्लाह और गिरफ्तार भी हुआ...
- » पैसा दुगुना करने का देता था झांसा,200 करोड़ से ज्यादा का किया है घोटाला...
- » किसी मीडिया समूह ने पहले नहीं दिया था इस मामले में ध्यान,अकेले घटती-घटना ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था कई समाचार...
- » कई धमकी और कई कानूनी नोटिसों के बाद भी घटती-घटना समाचार पत्र समूह ने नहीं रोका था इस संदर्भ में प्रकाशन का अपना अभियान...
- » समय रहते प्रशासन और पुलिस ने जिले के दिया होता ध्यान,दैनिक घटती घटना के खबर पर लिया होता संज्ञान,कई लोगों की गाढ़ी कमाई बचाई जा सकती थी...

-ओमकार पाण्डेय-
सुरजपुर 28 नवम्बर 2024

**(घटती-घटना)।** आखिरकार दैनिक घटती-घटना की एक और खबर सत्य साबित हुई और दैनिक घटती-घटना की निष्पक्षता और समाज के प्रति दैनिक घटती-घटना कितना जिम्मेदार है इसकी प्रमाणिकता पुनः साबित हुई। सुरजपुर जिले का असफाक उल्लाह लोगों को ठगने का काम कर रहा है और वह पैसा दुगुना करने का व्यापार कर रहा है वहीं वह लोगों को कई तोहफे देकर महंगे आकर्षित कर रहा है जिसमे महंगी गाड़ियां भी वह तोहफे बतौर दे रहा है और इसके पीछे उसका उद्देश्य लोगों की गाढ़ी कमाई को लूटने का है और प्रशासन और जिले की पुलिस को इस ओर ध्यान देना चाहिए ऐसी खबरें दैनिक घटती-घटना लगातार प्रकाशित कर रहा था और वह प्रशासन पुलिस को असफाक उल्लाह को लेकर उसके चिटफंड के व्यापार को लेकर तो जागरूक कर ही रहा था वह लोगों को भी जागरूक कर रहा था जिससे लोग चिटफंड वाले इस व्यापार से व्यापारी से दूर रहे साथ ही वह अपनी गाढ़ी कमाई डूबने से बचा लें।
दैनिक घटती-घटना की खबर से वैसे पहले किसी ने सीख नहीं ली वहीं न ही असफाक उल्लाह के चिटफंड व्यापार को ही किसी के गलत माना पैसा निवेश भी बंद नहीं किया न जिम्मेदारों के द्वारा कार्यवाही की गई...इस व्यापार को रोकने के लिए जिसका परिणाम यह हुआ कि असफाक उल्लाह 200 करोड़ से ज्यादा का वारा न्यारा कर ले गया और 200 करोड़ रुपए लोगो की गाढ़ी कमाई वह अपने गिरफ्त में ले चुका था। असफाक इस दौरान जब वह व्यापार के चरम पर था उन्नति के चिटफंड व्यापार के दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र के समाचार को भी चेतावनी देता रहा वहीं इसके लिए उसने कानून का भी सहारा लिया और पुलिस से भी प्रतिनिधि को नोटिस दिलाया और पुलिस के साथ अपने संबंध और संपर्क का उदाहरण साबित किया। पुलिस ने भी कहीं न कहीं असफाक के साथ अपनी यारी निभाई पत्रकार को नोटिस जारी कर उसे बुलावा भेजा और समाचार को लेकर जवाब मांगा, वैसे पुलिस यदि समाचारों पर संज्ञान लेती आज 200 करोड़ रुपए की ठगी नहीं हो पाती और कहीं न कहीं आज जिले में कई लोगों की गाढ़ी कमाई डूबने से बच जाती। वैसे अब पीछे जो कुछ हुआ हो उसे छोड़ दें तो ताजा घटनाक्रम यह है कि अशफाक उल्लाह आज गिरफ्तार हुआ है और वह ठगे गए लोगों की शिकायत पर गिरफ्तार हुआ है और अब उसके गिरफ्तार होते ही यह भी तय हो गया है कि दैनिक घटती-घटना की खरब सही थी और सत्य के साथ प्रकाशित थी और यदि जिला प्रशासन सूरजपुर और पुलिस सुरजपुर ने दैनिक घटती-घटना के खबर पर पहले ही संज्ञान लिया होता आज इतनी बड़ी ठगी का मामला सामने नहीं आता और अनेकों लोगों का पैसा बच जाता। पुलिस गिरफ्तारी के बाद भी कुछ बताने को तैयार नहीं-पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है यह तय है पर पुलिस अशफाक को कहां रखी है और क्यों मीडिया से बचा रही है यह पुलिस की अंदर की कहानी है, पर लोगों का कहना है कि पुलिस इसमें बहुत गहराई से जांच पड़ताल करेगी, इस वजह से अशफाक को भी मीडिया से दूर रखा गया है पिता सहित अन्य परिवार की गिरफ्तारी इसमें हो सकती है ऐसा सूत्रों का कहना है। गिरफ्तारी खबर लगते ही मीडिया थाने का चक्कर काट रही है और अशफाक की फोटो मिल जाए किस थाने में अशफाक है यह पता कर रही है, पर वही पुलिस मीडिया वालों से अशफाक को अभी तक दूर रखा है, अब यह कब तक दूर रखती है यह तो आने वाला समय बताएगा या फिर पुलिस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पता चलेगा। ऐसे अभी तक जो जानकारी आ रही है कि अशफाक को प्रतापपुर से गिरफ्तार किया गया है और प्रतापपुर थाने से उसे कहीं और थाने ले जाया गया है, पर किस थाने में ले जाया गया है यह अभी तक स्पष्ट नहीं है, इस मामले को लेकर सूरजपुर के पुलिस अधीक्षक खुद गंभीर है इसलिए इसमें बड़ी कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।






## संपादकीय

### अफस्पा वापस लेने का अनुरोध

हालात ऐसे बने हैं कि खुद बीरेन सिंह सरकार ने केंद्र से अफस्पा वापस लेने का अनुरोध किया है। इस कानून को लेकर मणिपुर में विरोध का लंबा इतिहास है, जिस कारण इसका नाम ही वहां नकारात्मक प्रतिक्रिया पैदा करता है।मणिपुर हिंसा की चपेट में है। इंफ़ाल घाटी में विधायकों और मंत्रियों के घरों पर हुए हमले इस बात की तस्दीक करते हैं कि फिलहाल राज्य में अराजकता जैसी हालत है।बेकाबू भीड़ पर कई जगहों पर पुलिस ने लाठी चलाई है या आंसू गैस के गोले दाग़े हैं। राजधानी इंफ़ाल समेत कई इलाक़ों में कर्फ़्यू लगाया गया है। कई जगहों पर इंटरनेट सेवा बंद है।इसके बावजूद मुख्यमंत्री एन. बीरेन की पीठ पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का हाथ बना हुआ है, जिनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि अब उनकी सरकार के सहयोगी दल एनपीपी ने भी समर्थन वापस ले लिया है।हैरतअंगेज है कि सवा साल से हिंसा में झुलस रहे इस राज्य में मौतों और बढ़ी सामाजिक खाई के लिए किसी की सियासी जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। इस बीच समस्या का हल सख्ती से निकालने के नजरिए के तहत केंद्र ने राज्य के छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार कानून (अफ्सपा) लागू कर दिया है, मगर इस फैसले से जन असंतोष और भड़क उठने के संकेत हैं।हालात ऐसे बने हैं कि खुद बीरेन सिंह सरकार ने केंद्र को पत्र लिख कर इन थाना क्षेत्रों से अफस्पा हटाने का अनुरोध किया है। अफ्सपा के तहत सशस्त्र बलों को कार्रवाई की खास शक्तियां मिल जाती हैं।इस कानून को लेकर मणिपुर में विरोध का लंबा इतिहास है, जिस कारण इसका नाम ही वहां नकारात्मक प्रतिक्रिया पैदा करता है।राज्य की भाजपा सरकार ने संभवतः इसे समझते हुए ही केंद्र को चिट्ठी लिखी है। केंद्र को इस पत्र को गंभीरता से लेना चाहिए। मणिपुर में जरूरत संवाद और संवेदनशीलता की है।इसे ना दिखाने का परिणाम है कि कुकी समुदाय के इलाकों में हिंसक प्रतिक्रिया बढ़ी है,वहीं बहुसंख्यक मैतेई समुदाय में गुस्सा और ध्रुवीकरण तीखा हुआ है।ये सारा घटनाक्रम देखते-देखते विस्फोटक होता गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार और भाजपा का नेतृत्व वहां बनते हालात से संभवतः जानबूझ कर बेखबर बना रहा है।क्या अब भी हालात को वह गंभीरता से लेगा? याद रखना चाहिए कि मणिपुर की घटनाओं से पूरा उत्तर-पूर्व प्रभावित हो सकता है।

# सीखते हुए कमाएं योजना को मजबूत और सार्थक बनाने की जरूरत है



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

सार्थक व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के लिए सीखते हुए कमाएँ योजना को मज़बूत करना अनिवार्य है। यह दृष्टिकोण सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव को एकीकृत करता है, जिससे रोजगार क्षमता बढ़ती है। पर्याप्त समर्थन, उद्योग सहयोग और नीति समायोजन इसकी प्रभावशीलता को बढ़ा सकते हैं, शिक्षा को वास्तविक दुनिया की माँगों के साथ जोड़ सकते हैं और कुशल रोजगार को बढ़ावा दे सकते हैं।

सीखते हुए कमाएँ योजना व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को नौकरी के व्यावहारिक अनुभव के साथ जोड़ती है, जिससे छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए वास्तविक दुनिया में काम करने का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को नौकरी बाज़ार की माँगों के लिए अधिक सार्थक और प्रासंगिक बनाने के लिए यह दृष्टिकोण आवश्यक है।

पर्यटन मंत्रालय वर्तमान में प्रशिक्षुओं के बीच मूल्यवान पर्यटन यात्रा कौशल और ज्ञान को बढ़ावा देने और उन्हें छात्र स्वयंसेवक के रूप में सेवा करने में सक्षम बनाने के लिए सीखते हुए कमाएँ नामक एक योजना को लागू कर रहा है। यह योजना विशेष रूप से यात्रा उद्योग पर केंद्रित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है, जो स्नातक पाठ्यक्रम करने वाले कॉलेज के छात्रों या 18 से 25 वर्ष की आयु के स्नातकों को लक्षित करती है। इसका उद्देश्य इन युवा व्यक्तियों को पर्यटन क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है, साथ ही साथ आय अर्जित करना भी है। सीखते हुए कमाएँ योजना के महत्त्वपूर्ण पहलू सीखते हुए कमाएँ योजना में कई महत्त्वपूर्ण पहलू शामिल हैं जो इसे लाभकारी और प्रभावशाली बनाते हैं। इन पहलुओं में कौशल विकास शामिल है। यह योजना यात्रा उद्योग पर केंद्रित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है, जो ग्राहक सेवा, आतिथ्य और संचार जैसे क्षेत्रों में प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाती है। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आय अर्जित करने का अवसर मिलता है, जो उनकी शिक्षा का समर्थन करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने में मदद कर सकता है। इस योजना के माध्यम से, प्रतिभागी छात्र स्वयंसेवकों के रूप में जुड़ते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं और वास्तविक दुनिया की



स्थितियों में अपने सैद्धांतिक ज्ञान को लागू करते हैं।

प्रतिभागी पर्यटन उद्योग के भीतर संपर्क स्थापित करते हैं, पेशेवरों के साथ बातचीत करते हैं और भविष्य के रोजगार के अवसरों के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करते हैं। यह योजना कॉलेज के छात्रों और युवा स्नातकों को कौशल और ज्ञान से लैस करके सशक्त बनाती है जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाती है और पर्यटन क्षेत्र में उपयुक्त नौकरियाँ हासिल करने की उनकी संभावनाओं को बढ़ाती है। इस योजना का उद्देश्य भारत में पर्यटन उद्योग के विकास और वृद्धि में योगदान देने में सक्षम एक कुशल और जानकार कार्यबल तैयार करना है। सीखते हुए कमाएँ योजना व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को सुविधाजनक और मज़बूत बनाती है सीखते हुए कमाएँ योजना विभिन्न तरीकों से व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को महत्त्वपूर्ण रूप से सुविधाजनक और मज़बूत बनाती है जैसे यह योजना प्रतिभागियों को व्यावहारिक सीखने के अवसर प्रदान करती है, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में सैद्धांतिक ज्ञान लागू करने की अनुमति मिलती है। यह व्यावहारिक अनुभव उद्योग प्रथाओं की उनकी समझ को बढ़ाता है और आवश्यक व्यावसायिक कौशल विकसित करता है। यह योजना विशेष रूप से यात्रा उद्योग पर केंद्रित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रतिभागियों को उद्योग की आवश्यकताओं और मांगों के साथ संरेखित प्रशिक्षण प्राप्त हो। यह उद्योग-केंद्रित दृष्टिकोण व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता को बढ़ाता है, प्रतिभागियों को नौकरी के लिए तैयार बनाता है और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाता है।

यह योजना प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आय अर्जित करने में सक्षम बनाती है, जिससे व्यावसायिक शिक्षा तक पहुँचने में वित्तीय बाधाएँ कम होती हैं। यह वित्तीय सहायता न केवल भागीदारी को प्रोत्साहित करती है, बल्कि व्यक्तियों को अपने कौशल विकास में सक्रिय रूप से निवेश करने के लिए भी प्रेरित करती है। व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग प्रदर्शन प्रदान करके, यह योजना प्रतिभागियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाती है। प्रतिभागी उद्योग-सम्बंधित कौशल और ज्ञान प्राप्त करते हैं, जिससे वे कार्यबल में प्रवेश करने और अपने चुने हुए क्षेत्र में सफल होने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो जाते हैं। यह योजना शैक्षणिक संस्थानों और यात्रा उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देती है। यह सहयोग सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग के विशेषज्ञों के परामर्श से डिज़ाइन किए गए हैं, जिसमें उनकी अंतर्दृष्टि और आवश्यकताएँ शामिल हैं। यह शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग की ज़रूरतों के बीच संरेखण को मज़बूत करता है, जिससे व्यावसायिक शिक्षा अधिक प्रभावी और उद्योग के लिए तैयार हो जाती है। सीखते हुए कमाएँ योजना को मज़बूत करना सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। यह योजना छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में व्यावहारिक, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की अनुमति देती है, जो कार्यबल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

अपनी शिक्षा जारी रखते हुए आय अर्जित करके, छात्र आंशिक रूप से या पूरी तरह से अपने शिक्षा व्यय का वहन कर सकते हैं। सीखते हुए कमाएँ योजना को मज़बूत करने से कुशल श्रमिकों का उत्पादन करके कौशल अंतर को पाटने में योगदान मिलता है, जो नौकरी बाज़ार की मांगों को पूरा करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं। उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ानाः यह सहयोग सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों और तकनीकी प्रगति के साथ अद्यतित रहती है, जिससे अंततः छात्रों और नियोक्ताओं दोनों को लाभ होता है। यह योजना आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देती है, क्योंकि छात्र नौकरी बाज़ार की लगातार बदलती मांगों के अनुकूल होते हैं।

सीखते हुए कमाएँ दृष्टिकोण छात्रों को सफल करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से बेहतर ढंग से लैस कर सकता है। अंततः, यह एक अधिक कुशल, अनुकूलनीय और प्रतिस्पर्धी कार्यबल में योगदान देगा जो आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देता है। इसलिए, सीखते हुए कमाएँ योजना व्यावहारिक अनुभव, उद्योग प्रासंगिकता, आय सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि, उद्योग के साथ सहयोग और कैरियर मार्ग अन्वेषण प्रदान करके व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को सुगम और मज़बूत बनाती है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# स्त्री शोषण की अंतहीन विभीषिका,बुनियादी शिक्षा की दरकार



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

### कठोरतम कानून बनाने की गंभीर आवश्यकता

देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता एक अभिशाप बनकर सामने आई है। स्त्रियों पर होते अत्याचार और शोषण के विरुद्ध ठोष कारगर उपाय तथा कठोरतम कानून निर्मित करने की गंभीर आवश्यकता है। आज नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा
देश की महिलाओं, स्त्रियों और बालिकाओं के सक्षम एवं सफल जीवन के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर अमल किया जाना चाहिए। स्त्रियों के शोषण,अत्याचार के विरुद्ध पंचवर्षीय योजना की तरह शिक्षा,साक्षरता एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए विशेष तौर पर महिलाओं तथा बच्चों के लिए एक विशेष अभियान चलाने की गंभीर आवश्यकता है। बालिकाएं स्त्रियां पढेंगी तभी इतिहास रचेंगी और देश को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगीं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है।

भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता है। जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है। अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंद्य शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवीय शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध




है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है। पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।



कविता
## ये शहर और ख्वाहिश



घटती-घटना
चंद्रकांत खूंटे क्रांति
जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़



ये ख्वाहिशों का पहाड़
आज भरभरा कर गिर रहा है
जैसे तीखी मिर्चियो का खार
हृदय को चरचरा कर चिर रहा है
कलेजा फट जा रहा है
मन-मस्तिष्क में लावा उठ रहा है
पता नही कब से
किंतु आज यह चरम सीमा पर है
निज स्थान गरिमा पर है।
ये निर्धनता का बोझ
मुझे भीतर ही खाए जा रही है
ज्यों लगती घुन समाएं जा रही है
कैसे कटेगा जीवन
गरीबी के इस अपाहिजपन में
कमाने तो आ गया हूँ शहर में
कैसे बेला व्यतीत हो निर्धन में
गंदी बस्तियों के झोपड़ो में
नींद भी तो नही आ रही है
अर्धांगिनी शिशुओं की जवाबदेही
वक्ष को दबाएँ जा रही है ।
यहाँ दोष भी मैं किसे दूँ?
कुटुम्ब,पुरवा,बस्ती या और किसी को
असल दोषी तो मेरा जन्म है
जो वसुंधरा मे बोझ सरिस हुआ है
जिसे कितना भी पाटूँ
भरता नही यह रहस्यमयी कुआँ है ।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# नीतिगत क्रियान्वयन से भारत में सहकारिता आंदोलन को दिया जा रहा बढ़ावा

आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समावेशी विकास रणनीति सहकार से समृद्धि के देश में अब तक काफी कारगर नतीजे सामने आए हैं। स्वतंत्रता से पहले के दौर में अगर हम भारत में सहकारिता आंदोलन की उत्पत्ति को देखें तो पाएंगे कि इसकी शुरुआत किसानों की गरीबी कम करने की चुनौती से हुई थी, जिसका मुख्य कारण बार-बार पडने वाला सूखा और साहूकारों की सूदखोरी प्रवृत्ति था। एनएएफआईएस, 2021-22 के अनुसार यह काफी प्रसन्नता का विषय है कि ग्रामीण सहकारी ऋृण संस्थानों के माध्यम से केंद्र सरकार की निरंतर और लक्षित वित्तीय समावेशी पहलों के कारण, ग्रामीण परिवारों की साहूकारों और जमींदारों पर निर्भरता अब घटकर मात्र 4.2 प्रतिशत रह गई है।भारत में सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली प्रारंभिक शक्तियां भले ही अब कमज़ोर पड़ रही हों, लेकिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस समय कई नई और जटिल उभरती चुनौतियां हैं, जिनके लिए सहकारी आंदोलन को नई दिशा और उस पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो सके। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सपना देखा है, उसी के अनुरूप देश 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।इन नई चुनौतियों में किसानों की आय बढ़ाने से लेकर एक कुशल ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला हासिल करना, स्थायी आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति को कम करना, कृषि के अलावा अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, कृषि उत्पादकता तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले प्रयासों को बढ़ाना और डिजिटल क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाना शामिल है। सहकारी संस्थाएं अपने मजबूत स्थानीय ज्ञान, पूर्व की घटनाओं से अनुभव हासिल कर भविष्य की नई योजनाएं, संपर्क कार्यक्रम बनाने तथा इन्हें मजबूत करने की क्षमता और नए कारोबारी माहौल के अनुरूप ढलने के कारण इन चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष रूप से उपयुक्त हो सकती हैं। सहकारी संस्थाओं के लिए मददगार नीतियां बनाने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामाजिक विकास में सहकारी समितियों पर रिपोर्ट' (जुलाई 2023) से जानकारी प्राप्त करना उपयोगी हो सकता है, जो इस बात पर ज़ोर देती है कि सहकारी समितियां बाज़ार संबंधी विफलताओं से निपटने, हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने, रोजग़ार के अवसर बढ़ाकर सतत विकास को सहारा देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। यह रिपोर्ट सहकारी समितियों के लिए एक उद्यमी प्रक्रियागत दृष्टिकोण की सिफारिश करती है, जो एक स्थानीय माहौल में आपस में जुड़े हुए नेटवर्क के माध्यम से सभी हिस्सेदारों को जोड़ती है। भारत के सहकारी क्षेत्र में दूध और चीनी के क्षेत्रों में मिली अपार सफलता केवल




एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व को ही प्रमाणित करती है। इसका एक और अन्य सफल उदाहरण भारत की सबसे पुरानी श्रमिक सहकारी संस्था - उरालुंगल लेबर कॉन्ट्रैक्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी का है, जो बुनियादी ढाँचे से जुड़ी है और इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर रही है। यह वैकल्पिक उद्यमशीलता मॉडल का एक अनूठा उदाहरण है। यहां सहकारिता के दो विशिष्ट पहलुओं का उल्लेख करना आवश्यक हैः पहला, सहकारी समितियों के बीच सहयोग का महत्व - जब उरालुंगल को एक सड़क परियोजना हेतु लिए गए भारी कर्ज की किश्तें चुकानी थीं, तो उसने 38 प्राथमिक सहकारी समितियों का एक संघ बनाया और उनकी मदद से यह भारी राशि जुटा सकी, जिससे उसकी साख भी बनी रही और साथ ही उसका विस्तार भी हुआ; दूसरा, निजी फर्मों के विपरीत, संकट की स्थिति में एक श्रमिक सहकारी समिति द्वारा रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।अमित शाह के शानदार नेतृत्व में भारत सरकार में एक नए सहकारिता मंत्रालय के गठन के परिणामस्वरूप सहकारी समितियों के लिए भारत में हाल की नीतियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उभरती चुनौतियों की व्यापक और जटिल प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। इस तरह के कुछ बड़े प्रयासों में कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में प्राथमिक कृषि ऋृण समितियों (पैक्स) का गठन, इसे कंप्यूटरीकृत करना, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और पैक्स के लिए खुदरा पेट्रोल/डीजल आउटलेट/एलपीजी वितरण अधिकार; सहकारी क्षेत्र में गोदामों का व्यापक नेटवर्क; मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) का गठन; शामिल नहीं की गई पंचायतों में नए बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां और पैक्स के लिए मॉडल उप-नियम शामिल हैं।राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), सहकारी समितियों के लिए अपने बहुस्तरीय और गतिशील रूप से उत्तरदायी सहयोगात्मक ढांचे के साथ, मंत्रालय के मार्गदर्शन में, सतत प्रक्रिया के रूप में नीति क्रियान्वयन से जुड़े लोगों को सक्षम बनाता है जिसमें (अ) ग्रामीण सहकारी बैंकों को पुनर्वित्तपोषण का प्रावधान, कृषि, संबद्ध क्षेत्रों और ग्रामीण गैर-कृषि गतिविधियों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋृण देने के लिए उनके संसाधनों में पूर्ति करना; (ब) सहकारी विकास निधि के माध्यम से विकासात्मक समर्थन और वित्तीय समावेशन निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना; (स) नीति और कार्यान्वयन समर्थन, जैसे पैक्स का कम्प्यूटरीकरण और 300 से अधिक ई-सेवाएं प्रदान करने वाले सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में पैक्स का कार्यान्वयन, और (द) वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण जैसे प्रयास शामिल हैं। नाबार्ड सहकारी समितियों को एक-दूसरे के तुलनात्मक लाभों से लाभान्वित करने की सुविधा प्रदान कर इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए सहकारी समितियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

-शाजी के.वीसाझा-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

**घटती घटना**



# किसान के वेष-भूषा में कलेक्टर पहुंचे पेटला धान उपार्जन केंद्र

» समिति प्रबंधकों को चेतावनी,काम में की लापरवाही तो होगी कड़ी कार्रवाई

» सहकारी बैंक में भी किसान के साथ लाइन में लगकर निकाले पैसे,देखी बैंकिंग व्यवस्था





- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर ने किसान का वेषभूषा धारन कर सीतापुर के पेटला स्थित धान खरीदी केंद्र पहुंचे। सीतापुर एसडीएम रवि राही के साथ बाइक में सवार होकर धान खरीदी केंद्र पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले लाइन में लगकर टोकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। लगभग 1 घण्टे पूरे खरीदी केंद्र का भ्रमण करते रहे। समिति प्रबंधक,कर्मचारियों सहित खरीदी केंद्र में उपस्थित किसी ने भी कलेक्टर को इस रूप में नहीं पहचाना। उन्होंने किसानों के साथ कर्मचारियों के व्यवहार का आकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से भी बात की। वहीं फड़ में धान की तौलाई करवाकर, तौल पत्रक की पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करवाई। जब सभी को बताया गया कि यह जिले के कलेक्टर हैं, सभी भौचक रह गए। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसका ध्यान रहे। पूरी धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान चौकन्ने रहें, कोचियों-बिचौलियों पर निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## सहकारी बैंक से लाइन में लगकर निकाले पैसे

धान खरीदी के निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर सहकारी बैंक सीतापुर पहुंचे। धान बेचने के पश्चात पैसे निकालने लाइन में लगे किसानों के साथ कलेक्टर स्वयं लाइन में लग गए और पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने एक किसान के खाते से पैसे निकालकर गिनकर देखा। उन्होंने नया पासबुक बनाने हेतु फॉर्म लिया तथा इसके सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण पश्चात कलेक्टर भोसकर ने किसानों से चर्चा करते हुए बैंक की व्यवस्थाओं के सम्बंध में फीडबैक लिया तथा समस्या के सम्बंध में पूछा। उन्होंने शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया कि धान बेचने के उपरांत किसानों के खाते में राशि के अंतरण या अन्य बैंकिंग कार्य में कोई दिक्कत न हो। कर्मचारियों का व्यवहार किसानों के प्रति अच्छा रहे।



# एसिड फेंक कर मां व भाई को जख्मी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

एसिड फेंककर मां व भाई को जख्मी करने वाले युवक को मणिपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शिमला बाई जगदीशपुर थाना मणिपुर के रहने वाली है। इसके दो बेटे हैं। इसका बड़ा बेटा संजय उर्फ संजू राजवाड़े अलग रहता है। शिमला बाई 26 नवंबर की शाम को अपने छोटे बेटा विजय व बहू के साथ घर में थी। तभी बड़ा बेटा संजय आया और धान बेचने व घर से अलग कर दिए जाने की बात को लेकर विवाद करने लगा। इस दौरान वह मां व छोटे भाई के साथ मारपीट भी किया। इसके बाद गुस्से में आकर घर में रखे एसिड मां व भाई के ऊपर फेंक दिया। इससे दोनों जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया। मां शिमला बाई ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना मे दर्ज कराई थी। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी संजू राजवाड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2),115(2), 124(1) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# यात्री बस और ट्रेक्टर में भिड़ंत, 5 घायल एक की स्थिति गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।







कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में बीती रात यात्री बस और ट्रेक्टर की भिड़ंत हो गई।दुर्घटना में ट्रेक्टर चालक सहित बस में सवार करीब 5 यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यात्री बस जशपुर से रायपुर के लिए रवाना हुई थी। लेकिन अंबिकापुर पहुंचने से पहले लमगांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना बुधवार रात 10 बजे की है।

जानकारी अनुसार जशपुर से रायपुर ाने निकली रॉयल बस क्रमांक CG 06 HB 4924 बतौली के आगे लमगांव सेंट्रिंग प्लेट से लोडिंग ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, वहीं ट्रेक्टर भी पूरी रह से क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर आस पास के ामीण पहुंच बचाव कार्य में जुट गए। उक्त घटना में ट्रेक्टर चालक गंभीर रूप घायल हो गया है वहीं बस सवार 4 यात्री भी घायल हो गये हैं। सभी घायलों ो ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाज के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों ने ही घटना की सूचना पुलिस को दी।




# सरगुजा जिले से 8 खिलाड़ी होंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

5वीं सीनियर राज्य स्तरीय वुडबॉल ओपन चैंपियनशिप महिला, पुरुष 2024-25 रायपुर जिले में 29 नवम्बर से 1 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिससे सरगुजा जिले से आठ खिलाड़ी शामिल होंगे। सरगुजा जिले से साकेत केडिया, आकाश दुबे, शिवानी सोनी, अभिजीत झा, प्रीतम जायसवाल, संदीप सिन्हा, फरहान खान, तनुज मित्रा शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले के वुडबॉल खिलाड़ी लगातार अपना बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी सरगुजा का नाम रोशन कर रहे हैं।

# राशि दुगनी करने व किस्त पटाने का झांसा देकर लोन निकलवाकर महिलाओं से 5 लाख 65 हजार की धोखाधड़ी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राशि दुगनी करने व किस्त पटाने का झांसा देकर समूह की महिलाओं से 5 लाख 65 हजार रुपए बैंक से लोन निकलवाकर धोखधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। महिलाओं की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




त्रिता बरवा शहर के मायापुर के रहने वाली है। ये सोनापति, मुनेजा खातून, सरीता गुप्ता, जायसवाल, यशोदा गुप्ता व चांदनी के साथ मिलकर समूह का संचालन करती थी। समूह का नेतृत्व यशोदा गुप्ता करती थी। यशोदा गुप्ता ने षडयंत्र रचते हुए महिलाओं को बताया कि आपकलोग लोन निकालकर रुपए मुझे दें और उक्त रुपए को डबलकर मैं आप लोगों को वापस कर दूंगी। इस बीच बैंक का किस्त भी मैं पटाउंगी। महिलाएं इसके विश्वास में आकर त्रिता बरवा के नाम से 1 लाख 10 हजार, सोनामती के नाम से 1 लाख, मुनेजा खातुन से दो लाख 15 हजार, सरीता गुप्ता से 1 लाख 10 हजार, चांदनी जायसवाल से 30 हजार कुल 5 लाख 65 हजार रुपए 29 सितंबर 2023 से 4 अक्टूबर 2023 के बीच निकलवाई थी। इसके बाद कुछ दिनों तक लोन का किस्त पटाने के बाद बंद कर दी। जब इसकी जानकारी समूह के महिलाओं को हुई तो पता चला की यशोधा गुप्ता उक्त रुपए गबन कर ली है। महिलाओं ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस यशोधा गुप्ता के खिलाफ धारा 420 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा बना जनरल चैंपियन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

चतुर्थ राज्य स्तरीय एकलव्य ादर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता ा गुरुवार को पीजी कॉलेज ाउंड में समापन हुआ। इस दो ्वसीय खेल प्रतियोगिता में पूरे देश के एकलव्य स्कूलों से 100 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल ए। समापन अवसर पर लुण्ड्रा ाधायक प्रबोध मिंज और ीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो शामिल होकर विजेताओं को रस्कार वितरण किया। इस खेल तियोगिता में सरगुजा जनरल ंपियन बना। पूरे प्रतियोगिता के ारान योगा, हॉकी, बास्केटबॉल, ॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, ुश्ती, एथलेटिक्स आदि में सरगुजा ा दबदबा रहा।



राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन में लगभग 21 खेल हुए जिसमें चार जोन सरगुजा, बस्तर, मध्य-1 कोरबा और मध्य-2 राजनांदगांव के एकलव्य स्कूलों से 1100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। खिलाडियों के साथ 152 प्रभारी शिक्षक भी शामिल हुए।

विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग स्थान चयनित किए गए जिसमें स्थानीय पीजी कॉलेज ग्राउंड में एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, तीरंदाजी, हैंडबॉल तथा पीजी कॉलेज ग्राउंड के हॉकी स्टेडियम में हॉकी,ताइक्वांडो हॉल में ताइक्वांडो एवं मुक्केबाजी, गांधी स्टेडियम में बास्केटबॉल, फुटबॉल, बॉलीवॉल तथा गांधी स्टेडियम के खेलो स्टेडियम हॉल में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती, जूडो एवं शतरंज हॉल में शतरंज के साथ ही जिम हॉल में भारोत्तोलन का प्रदर्शन हुआ। वहीं चौपाटी स्थित बैडमिंटन हॉल में योगा एवं जिम्नास्टिक तथा गांधीनगर तरणताल में तैराकी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि आलोक दुबे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ललित शुक्ला सहित जिला स्तरीय अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# वसुंधरा जन कल्याण समिति खुला आश्रम गृह से दो बालक लापता

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

वसुंधरा जन कल्याण समिति खुला आश्रम गृह से दो बालक 27 नवंबर की रात से गायब हो गए हैं। संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




चाईल्ड लाइन द्वारा दो बच्चे विनय खलखो पिता कुंतराज खलखो (15) निवासी ग्राम बहोरा, थाना सन्ना, जिला जशपुर एवं अनिश रवि पिता गिरजा प्रसाद रवि (15) निवासी ग्राम गयबुड़ा, कैलाशगुफा, थाना बगीचा जशपुर को 7 एवं 12 को संस्था वसुन्धरा जन कल्याण समिति खुला आश्रय गृह अम्बिकापुर में दिया गया था। 27 नवंबर की रात करीब 2 बजे से 2.30 बजे के मध्य दोनों बच्चे बिना बताए कहीं चले गए। संस्था द्वारा आस पास तलाश की गई पर कहीं पता नहीं चला। संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर वीणा सिंह ने आशंका व्यक्ति की है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दोनों बच्चों को बहला-फुसलाकर भागकर ले गया है। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# पुलिसकर्मी बताकर घर से ले गया और लूट ली मोबाइल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर नावागढ़ निवासी एक युवक को घर से जबरन निकलकर अपने कार में बैठाकर इधर-उधर घुमाता रहा और रुपए की मांग करता रहा। इस दौरान युवक का मोबाइल भी लूट लिया और रात करीब 11.30 बजे कन्या परिसर रोड में उतारकर भाग गया। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।



मो. इम्तियाज आलम नावागढ़ का रहने वाला है। 24 नवंबर की रात को वह अपने घर में था। रात करीब 11 बजे मनोज लोहर नामक व्यक्ति अपने कार से उसके घर आया और अपने आप को पुलिसकर्मी बताकर इम्तियाज को जबरन अपने कार में बैठाकर इधर-उधर घुमाता रहा और रुपए की मांग करने लगा। नहीं देने पर मनोज ने इम्तियाज का मोबाइल लूट लिया और कन्या परिसर रोड में उसे उताकर भाग गया। वह किसी तरह घर पहुंचा और मामले की रिपोर्ट कातवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 127(2), 204, 296, 309 (4), 351 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जेल में है आरोपी

आरोपी मनोज लोहार मो. इम्जियाज के साथ घटना को अंजाम देने के बाद 25 नवंबर को ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट व पुलिया के नीचे फेंक दिया था। इस दौरान इसका साला किशुन विश्वकर्मा भी था। ई-रिक्शा चालक ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने 26 नवंबर को आरोपी जीजा-साला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# सरगुजा के किसान ने लगाया 80 बोरा धान जप्त कराने का आरोप

## एसडीएम ने कहा शिकायत पर कराएंगे जांच

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के झेराडीह गांव के ्िसान बृजराज त्रिपाठी ने समिति प्रबंधक ौर नोडल अधिकारी पर धोखाधड़ी का ारोप लगाया है। किसान का दावा है कि ान बेचने के लिए बरगीडीह धान खरीदी ्ंद्र पहुंचे थे,जहां समिति प्रबंधक ने पुराने ौर नए सभी प्रकार के धान की खरीदी ी बात कही। इसके बाद किसान 500 ोरा धान लेकर केंद्र पहुंचे, लेकिन तौल के ारान स्थिति बदल गई।

पीड़ित किसान बृज राज त्रिपाठी के अनुसार, धान तौलते समय समिति प्रबंधक ने जांच दल के नोडल अधिकारी को बुला लिया। इसके बाद प्रबंधक ने तौल प्रक्रिया पूरी करने के लिए 10,000 की मांग की। किसान ने कहा कि इतने पैसे तुरंत उपलब्ध न होने पर 80 बोरा धान को जप्त कर लिया गया। नोडल अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि किसान पुराने धान को बेचने की कोशिश कर रहे

इस घटना से परेशान किसान ने इसे अन्याय बताया और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। दूसरी ओर, एसडीएम धौरपुर नीरज कौशिक ने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की विधिवत जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

यह घटना किसानों के लिए न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक पीड़ा का कारण बन रही है। प्रशासन के द्वारा निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई से ही किसानों का भरोसा बहाल किया जा सकता है।

बता दें कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी के सुचारु संचालन और धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर निगरानी रखने उड़नदस्ता दल का गठन किया गया। इसी कड़ी में उड़नदस्ता दल द्वारा कार्यवाही करते हुए मंगलवार 26 नवंबर को उपार्जन केंद्र बरगीडीह में कृषक बृजराज त्रिपाठी निवासी झेराडीह द्वारा 500 बोरा विक्रय हेतु लाया गया था जिसमें से टीम द्वारा जांच उपरांत 80 बोरा पुराना धान पाया गया जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम द्वारा जप्त कर समिति प्रबंधक की सुपुर्दगी में दिया गया था। मौके पर खाद्य, राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त उड़नदस्ता टीम मौजूद थी।



CMYK

# यूक्रेन में शीत लहर के बीच पुतिन का टॉर्चर! ऊर्जा संयंत्रों पर ताबड़तोड़ हमले, अंधेरे में 10 लाख लोग

**कीव, 28 नवम्बर 2024।** रूस ने गुरुवार को यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर इस महीने में दूसरी बार बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले के कारण यूक्रेन के मध्य, पश्चिम और दक्षिण भागों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे भीषण ठंड के मौसम में 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। बता दें कि यह रूसी हमला तब हुआ है जब शीत लहर का दौर करीब है। इस दौरान प्रभावित इलाकों का तापमान शून्य के करीब रहता है और इस समय घरों और कार्यालयों को गर्म रखने के लिए



बिजली की जरूरत होती है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि इस वर्ष मार्च से यूक्रेन के बिजली संयंत्रों पर रूस का यह 11 वां बड़ा हमला था। इनसे यूक्रेन की आधी से ज्यादा विद्युत क्षमता नष्ट हो चुकी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि गुरुवार के हमले में रूस ने क्रूज मिसाइलों और क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया।

### रूस की मिसाइल नष्ट करने का दावा

यूक्रेनी वायुसेना ने दावा किया है कि हमले के लिए आई रूस की 91 मिसाइलों में से 79 को और 35 ड्रोन को आकाश में ही नष्ट कर दिया गया। फरवरी 2022 से जारी युद्ध में इसी महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने अपनी मिसाइलों से रूस के अंदरूनी हिस्सों में हमले की यूक्रेन को अनुमति दी है तो जवाब में रूस ने अपनी नई हाइपरसोनिक बैलेस्टिक मिसाइल से हमला कर कड़े जवाब का संदेश दिया है।

### कीव के महत्वपूर्ण भवनों को निशाना बना सकता है रूस

बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि रूस कीव के नीतियां बनाने वाले ठिकानों को निशाना बना सकता है। 33 महीने से ज्यादा के युद्ध में रूस ने अभी तक यूक्रेन के महत्वपूर्ण सरकारी भवनों को निशाना नहीं बनाया है। ये भवन पश्चिमी देशों के दिए एयर डिफेंस सिस्टम की सुरक्षा में भी हैं, लेकिन पुतिन ने कहा है कि रूस की नई ओर्शनिक हाइपरसोनिक मिसाइल को रोक पाने में कोई भी डिफेंस सिस्टम सक्षम नहीं है। इसलिए लड़ाई के क्षेत्र को बढ़ाया न जाए।

## विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2024-25 हेतु प्रतिभागी 4 दिसम्बर तक करा सकते हैं पंजीयन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवक-युवतियों का विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में किया जा रहा है। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। युवा उत्सव में विभिन्न विधाएं शामिल हैं, जिसमें लोकनृत्य के अंतर्गत सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्याक्तिगत लोकनृत्य एवं व्यक्तिगत लोकगीत है। वहीं लाईफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, कविता एवं वक्तृवकला या तात्कालिक भाषण है। इसी प्रकार विज्ञान मेला, युवा कृति अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पादन, रॉक बैंड हैं। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने हेतु विकासखण्ड के विद्यालय-महाविद्यालय के अध्ययनरत एवं बिना अध्ययनरत युवक- युवतियां अपना पंजीयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में 04 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में करा सकते हैं।

## पाकिस्तान में पत्रकार को गिरफ्तार कर लगा दिया आतंकवाद का आरोप

**नई दिल्ली, 28 नवम्बर 2024।** पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर आयोजित विरोध मार्च में हताहतों के दावों की जांच कर रहे एक पाकिस्तानी पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पत्रकार के साथ उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार करने की सूचना है। सबसे हैरान करने वाली बात है कि दोनों पर आतंकवाद का आरोप लगाया गया। इस बात की जानकारी उन दोनों के वकील ने दी है।

बता दें कि पत्रकार मतिउल्लाह जान पाकिस्तान में एक टीवी शो को होस्ट करते हैं। वह पाकिस्तानी राजनीति में सेना के भारी प्रभाव के आलोचक के रूप में जाने जाते हैं। गिरफ्तारी से कुछ घंटों पहले ही उन्होंने पर एक शो होस्ट किया था, जिसमें उन्होंने अस्पताल के रिकॉर्ड पढ़े थे, जो सरकार के इस इनकार का खंडन करते हैं कि सुरक्षा बलों द्वारा विरोध प्रदर्शन को तितर-बितर करने के दौरान गोलियों का इस्तेमाल किया गया था या कोई भी प्रदर्शनकारी मारा गया था। मतिउल्लाह जान के सहयोगी साकिब बशीर को भी उठा लिया गया था। साकिब ने गुरुवार को बताया कि दोनों को इस्लामाबाद स्थित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) की पार्किंग से काली वर्दी पहने लोगों ने उठा लिया था। आगे उन्होंने बताया कि उनकी आंखों पर पट्टी बांध दी गई और उन्हें एक कार में डाल दिया गया। साकिब बशीर का कहना है कि वे हताहतों के बारे में डेटा एकत्र कर रहे थे। हालांकि बशीर को तीन घंटे बाद एक सड़क पर छोड़ दिया गया। बता दें कि पत्रकार मतिउल्लाह जान के सहयोगी बशीर को तीन घंटे बाद एक गली में छोड़ दिया गया। जान के बेटे अब्द-उ-रज़ाक ने एक वीडियो बनाया और इस बात की पुष्टी की है। उन्होंने इस वीडियो में अधिकारियों से अपने पिता को रिहा करने की मांग की है।

## विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु 03 को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 03 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक एन.जे. ग्रुप पता प्रथम तल तिरुपति बालाजी बिल्डींग भाटागांव के पास रायपुर के एम.डी. सुश्री एन. निर्मला उपस्थित रहेंगी। जिसके अंतर्गत सेल्स मार्केटिंग के 300 पद, असेम्बली (मोब) के 200 पद, एसोसिएट के 100 पद एवं सीएनसी ऑपरेटर के 200 पदों पर भर्ती की जानी है। जिस हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं से स्नातक, आई.टी.आई./डिप्लोमा है, संभावित वेतन 10 हजार से 14 हजार रूपये निर्धारित है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है, नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे, कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते है वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची,निवास प्रमाण पत्र,पासपोर्ट साईज की फोटो के साथ 03 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से 04:00 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ,गंगापुर,अम्बिकापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित हो सकते हैं।

# बाल विवाह रोकथाम भारत लांचिंग के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ की नई पहल






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

आज जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार यूनिसेफ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के साथ अन्य विभागों द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु एक नई पहल की गई। जैसे - बाल विवाह मुक्त भारत लांचिंग अंतर्गत राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर,शासकीय विश्व विद्यालय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अंबिकापुर, शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर के अलावा अन्य विभिन्न महाविद्यालयों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा समस्त ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यूनिसेफ, जिला समन्वयक, ममता चौहान ने यूनिसेफ एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, कारण, बाल विवाह रोकथाम के उपाय आदि की जानकारी दी गई। एवं बाल विवाह अगर कहीं हो रहा है, तो उसे रोकने हेतु चाइल्ड लाइन हेल्प लाइन नंबर 1098 पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर सूचना देने की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के प्रभारी के साथ अन्य प्राध्यापक, प्राध्यापिका, शिक्षक,शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम निर्मल कुमार सिंह पिता श्री रामलखन सिंह अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम निर्मल सिंह पिता श्री रामलखन सिंह निवासी/पताः वार्ड न. 07, गांधीनगर, अम्बिकापुर, सरगुजा, 497001 रख लिया हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम निर्मल सिंह पिता रामलखन सिंह से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथ कर्ता नामः निर्मल सिंह
पता- वार्ड न. 07, गांधीनगर,
अम्बिकापुर,
सरगुजा(छ.ग.)497001

# उप संचालक डॉ. अजय शंकर कन्नौजे ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र नवापारा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोधनपुर का किया निरीक्षण







- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय शहरी कार्यक्रम प्रबंधन के उप संचालक डॉ. अजय शंकर कन्नौजे द्वारा गुरूवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ. कन्नौज द्वारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में संचालित विभिन्न कार्यक्रम व सेवाएं जैसे टीकाकरण, किमोथेरिपी, सिकल सेल, मानसिक स्वास्थ्य, फिजिओथेरिपी, आईपीडी, ओपीडी, दवाईयों की उपलब्धता एवं समस्त स्वास्थ्य जांच की उपलब्धता की जानकारी ली गयी। डॉ. कन्नौज द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली गयी, जिसमें उन्होंने सभी प्रकार के जांच की उपलब्धता व किमोथेरेपी की दवाओं की पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए, इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य के अधिकारी-कर्मचारियों को भी नियमित ओपीडी संचालित करने व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डॉ. कन्नौज द्वारा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोधनपुर का भी निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा ओपीडी में ज्यादा से ज्यादा मरीजों को सेवा देने के निर्देश दिए गए व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेंन्द्र राम, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र नवापारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक व अन्य अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ब-121/2021-22-2024
ग्राम सोनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका हेमपुष्पा आ0/पति भैयालाल ऊर्फ हिरा सिंह जाति गोंड़ निवासी ग्राम सोनपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदक/आवेदिका अपने माता स्व0 मुन्नी बाई की विलम्ब/जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बाबत् अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। मृत्यु दिनांक 23/08/2009
अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 09/12/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 25/11/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील
नायब तहसीलदार
लिंक कोर्ट देवनगर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार,गदीरास,जिला-सुकमा,छ0ग0**

राजस्व प्रकरण क्रमांक.-202411190100001
विषय-अ-20(3), सन-2024-25

**उदघोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पंचायत गादीरास के आम जनता को सूचित किया जाता हैकि आवेदक संस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा छ0ग0 के द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1803/मु0चि0अ0/स्था0/2024 सुकमा दिनांक 12.09.2024 के द्वारा विकासखण्ड सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गादीरास में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण हेतु कार्यादेश जारी होना बताते हुये तहसीलदार, गादीरास के माध्यम से उक्त प्रयोजनाथ चयनित भूमि ग्राम गादीरास प0ह0नं0 04/गादीरास रा0नि0म0 गादीरास में स्थित ख0नं0 3199/1 रकबा 1.1380 हे0 में से 0.060 हेक्टेयर भूमि का आबंटन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवेदित भूमि संस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा ,छ0ग0 को ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता होने पर शासकीय भूमि आवेदन किये जाने हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार-1 की कण्डिका 36 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4-2 की कण्डिका-5 अतर्गत छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक/एफ4-135/ सात-1/06, रायपुर दिनांक 10.08.2006 के तहत आबंटन हेतु जॉच कार्यवाही प्रारंभ किये जाने, प्रकरण माननीय कलेक्टर सुकमा में पंजीबद्ध कर प्रकरण में चयनित एवं प्रस्तावित भूमि आवेदक संस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा छ0ग0 को आबंटन हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-4-1 की कडिका-25 में दिये गये बिन्दुओं तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा -निर्देश का पालन कर, विस्तृत जांच हेतु प्रकरण श्रीमान कलेक्टर, जिला सुकमा के माध्यम से इस न्यायालय का प्राप्त हुआ हैं। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत् संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं के अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.12.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोईविचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

सील
तहसीलदार
गादीरास,जिला सुकमा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार गुप्ता आ0 स्व0 नन्दु प्रसाद गुप्ता, निवासी महामाया चौक अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदक पार्वती गुप्ता वगैरह के पिता एवं दादा नेतलाल एवं नन्दलाल के संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि शीट नं, 03, मोहल्ला सदर रोड, खसरा नं. 1391, 1392 रकबा क्रमशः 0.07, 0.03 एकड़ भूमि है। भूधारक नेतलाल की मृत्यु दिनांक 21/01/1983 एवं नन्दलाल की मृत्यु दिनांक 09/12/1998 को हो गई है।
अतः फौती नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदक द्वारा भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/12/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 14/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
,अंबिकापुर

**न्यायालय नजुल अधिकारी सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0**

रा.प्र.क्र. / अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

अगामी तिथि 05/12/2024
इस सार्वजनिक ईश्तेहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका मोनू गोयल पति रविशंकर अग्रवाल, उम्र लगभग 44 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी नगर सूरजपुर, तहसील सूरजपुर,तहसील सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका ने नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1979/5 रकबा 800 वर्गफीट भूमि को अनावेदकगण से 2700000/- रूपये में पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 29/08/2024 के आधार पर क्रय किया है। क्रय दिनांक से ही उक्त भूमि एवं उस पर निर्मित मकान का कब्जा अनावेदकगण से प्राप्त कर कब्जे दखल में है। विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था /विभाग को कोई दावा /आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक -5/12/2024 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नही किया जायेगा।
आज दिनांक 20/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजुल अधिकारी
सूरजपुर

**कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**इन्द्रावती भवन,नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**

website.www.tribal.cg.gov.in | 0771-2263708 | Email- ctd.cgnirman@gmail,com

क्रमांक/निर्माण/607 (II)/2024-25/8992 — नवा रायपुर, दिनांक 26/11/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

website https://eproc,cgstate,gov,in

निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बलरामपुर | पो.में. आदिवासी बालक छात्रावास-बलरामपुर (190.70) पो.में. आदिवासी बालक छात्रावास-महाराजगंज (190.70), पो.में आदिवासी बालक छात्रावास-शंकरगढ़ (190.70), पो.में.आदिवासी बालक छात्रावास- डिण्डो (190.70),पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास - राजपुर (190.70) | 953.50 |
| 2 | सरगुजा (अ) | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-नर्मदापुर (190.70) पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-कमलेश्वरपुर (152.47),पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-बतौली(190.70), पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास- बतौली(152.47), | 686.34 |
| 3 | सरगुजा (ब) | प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-मंगारी (152.47) प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-लुण्ड्रा (152.47),नवीन प्री.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास-धौरपुर (152.47), प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास- देवगढ़ (152.47) | 609.88 |
| 4 | सरगुजा (स) | नवीन प्री.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास-अम्बिकापुर (152.47) प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-लखनपुर (152.47),प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-लखनपुर (190.70), नवीन प्री.मै.अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास- अम्बिकापुर (152.47) | 648.11 |
| 5 | सरगुजा (द) | नवीन प्री.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास-करजी(152.47) नवीन प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-बोदा (152.47),प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-घाटबर्रा(152.47) | 457.41 |
| 6 | जशपुर (अ) | पो.मै.अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास-कांसाबेल (286.46) पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास-कांसाबेल(152.47),प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-बटईकेला(152.47) | 591.40 |
| 7 | जशपुर (ब) | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-पण्डरीपानी (190.70) प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पण्रीपानी (152.47), प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-कुनकुरी-02 (152.47),प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-गाला (152.47) | 648.11 |
| 8 | जशपुर (स) | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-कोतबा (190.70) प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कोतबा (152.47), प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-दोकड़ा (152.47),पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-दोकड़ा (190.70)प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-बागबहार (152.47) | 838.81 |
| 9 | जशपुर (द) | पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास-जशपुर नगर (190.70) प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बगीचा(190.70), पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-तपकरा(190.70),प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-रैनी (152.47) प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-लवाकेरा (152.47) | 877.04 |
| 10 | जशपुर (य) | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-दुलदुला (190.70) प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास दुलदुला(152.47), पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-मनोरा(190.70),प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-पैकू (152.47)प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-लोदाम(152.47) | 838.81 |
| 11 | महासमुन्द | पो.मै. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास- महासमुन्द (1970.70) | 190.70 |
| 12 | खैरागढ़ छुईखदान-गंडई | प्री.मै. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास-बाजार अंतरिया (152.47) | 152.47 |
| 13 | कोरबा | प्री.मै. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास-कोरबा (152.47) प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास-करतला (152.47) | 304.94 |

उपरोक्त 13 निविदायें पृथक-पृथक आवेदन की जावेगी। निविदा तिथियां निम्नानुसार दर्शित की गई है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देख सकते है।

| | |
|---|---|
| Date. and time of pre-proposal conference | Date - 06-12-2024 At 3:00 P.M. at Office of Commissioner, Scheduled Tribes And Scheduled cast development department government of chhattisgarh address, Block-D Ground Floor, Indravati Bhawan Atal Nagar Nava Raipur. |
| Last Date and time for uploading of E-Procurement Platform of before | Date - 13-12-2024 by 5:00 PM |
| Last date for submissi on fo physical bid | Date - 16-12-2024 by 5:00 PM |
| Technical bid will be Opend Online By the Authorized Officer on | Date - 17-12-2024 by 11:00 AM |
| The Price Bid Will Be opened online on | Date - 19-12-2024 by 11:00 AM |

जी0नं0 -242504113/3

(टी.चक्रवती)
कार्यपालनल अभियंता
आदिम जाति तथा अ.जा. जाति विकास नया रायपुर,अटल नगर,छ0ग0

# गोरहाडांड़ इलाके के जंगल में नर हाथी का शव मिला

## इलाके में मानव-हाथी संघर्ष की बढ़ रही हैं घटनाएं




-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम सरहरी के गोरहाडांड़ इलाके के जंगल में एक नर हाथी का शव मिला है। शव सड़ी-गली अवस्था में पाया गया, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हाथी की मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। हाथी के लापता होने की खबर के बाद से वन विभाग के कर्मचारी उसकी खोजबीन में लगे हुए थे।

### ग्रामीणों में चिंता का माहौल

हाथी की मौत के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है। यह नर हाथी अक्सर आसपास के जंगलों में देखा जाता था और क्षेत्र के पर्यावरण का हिस्सा था। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### शव सड़ने के कारण मौत का स्पष्ट कारण अज्ञात

ग्रामीणों ने सबसे पहले जंगल के बीच सड़े हुए शव को देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। शव की दुर्गंध और उसकी हालत को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि हाथी की मौत लंबे समय पहले हो चुकी थी। शव के जंगल के अंदर गहरे हिस्से में होने के कारण इसकी जानकारी देर से मिली। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शव की स्थिति को देखते हुए मौत के सटीक कारणों का पता लगाना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, प्रारंभिक तौर पर विभाग ने प्राकृतिक मौत और शिकार के पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

### हाथियों को इस क्षेत्र में हो रहा है संकट

प्रतापपुर क्षेत्र में हाथियों का विचरण अक्सर देखा जाता है। इस इलाके में मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ रही हैं, जिससे वन्यजीव संरक्षण को लेकर चिंता जताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह हाथी कुछ दिनों से क्षेत्र में नहीं देखा गया था,और इसके गायब होने की खबर वन विभाग तक पहुंचाई गई थी।

### वन विभाग की टीम मौके पर

शव मिलने की सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचने लगे हैं। विभाग के अनुसार,पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा, हम मामले की गहराई से जांच करेंगे और मौत का कारण पता लगाने की कोशिश करेंगे। अगर किसी तरह की अप्राकृतिक गतिविधि जैसे शिकार या जहर दिए जाने की पुष्टि होती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आगे की कार्रवाई

वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वन्यजीव विशेषज्ञों और डॉक्टरों की टीम बुलाई है। पोस्टमॉर्टम और विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वन विभाग ने इस मामले को लेकर आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इस घटना ने वन्यजीव संरक्षण और हाथियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और विभाग इस दिशा में क्या कदम उठाता है।

# बालको ने विश्व गुणवत्ता सप्ताह पर चलाया जागरूकता अभियान



-संवाददाता-
कोरबा,28 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व गुणवत्ता पर साप्ताहिक उत्सव मनाया। इस वर्ष की थीम 'फ्रॉम कंप्लायंस टू परफॉर्मेंस' पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसका उद्देश्य गुणवत्ता सिद्धांतों की समझ बढ़ाना था। 500 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को शामिल कर गुणवत्ता उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया जो सिर्फ अनुपालन तक सीमित नहीं है। सप्ताह भर चलने वाले इस जागरूकता उत्सव में सभी लीडर ने बातचीत कर गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान गुणवत्ता-थीम क्विज़, डिजिटल पोस्टर, स्लोगन लेखन, प्रतियोगिताएं शामिल थे। बालको ने कर्मचारियों को प्रचालन में गुणवत्ता के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 'आइडिया जेनरेशन' तथा चाय पर चर्चा के रोचक संस्करण के माध्यम से कंपनी अपने कर्मचारियों को गुणवत्ता प्रथाओं पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस जागरूकता अभियान में सभी विचारों और नवाचारों को आमंत्रित किया गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

गुणवत्ता के महत्व पर बात करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि गुणवत्ता हमारी सफलता की आधारशिला है। इस वर्ष की थीम के अनुरूप संयंत्र में गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करना, हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गुणवत्ता जागरूकता को बढ़ावा देने और सक्रिय भागीदारी को निभाति हुए, हमारा लक्ष्य गुणवत्ता को एक मानक से आगे बढ़ाकर उसे कार्य संस्कृति हिस्सा बनाना है।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को चौकी खड़गवां पुलिस ने किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
प्रतापपुर,28 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

दिनांक 28.11.2024 को ग्राम डुबी बड़कापारा, थाना राजपुर निवासी भगवान दास सांडिल्य ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की पूनम टेकाम को दिनांक 27.11.2024 के शाम को मुर्गा सब्जी नहीं बाने की बात पर नाराज होकर उसका पति हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह के द्वारा चूल्हा के जलते लकड़ी एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया है जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर चौकी खड़गवां पुलिस, एसडीओपी प्रतापपुर और फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

मामले की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने हत्या के आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी खड़गवां की पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह पिता केंदाराम उम्र 48 वर्ष निवासी जगन्नाथपुर खपरापरा चौकी खड़गवां को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

# निजी स्कूलों की मनमाना फीस बढ़ोतरी को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीव सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौपा ज्ञापन

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,28 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

निजी विद्यालयों की मनमाना फीस बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों में काफी आक्रोश है, जिसे लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीव सिंह उर्फ काजू ने जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया को पत्र लिखकर कहा कि निजी स्कूल मनमानीपूर्ण फीस को बढ़ा कर पालकों का आर्थिक रूप से शोषण कर रहें, निजी विद्यालय बिना किसी नियम के प्रतिवर्ष मनमानीपूर्ण फीस को बढ़ा कर पालकों का आर्थिक रूप से शोषण कर रहें है,निजी विद्यालयों द्वारा प्रतिवर्ष उसी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से भी प्रवेश शुल्क, शाला विकास शुल्क,बिल्डिंग शुल्क,क्रीडा शुल्क आदि कई प्रकार के अनावश्यक शुल्क पालकों से वसूले जाते है। जिस पर अंकुल लगाया जाना आवश्यक है। कई निजी विद्यालयों द्वारा शासन के द्वारा निर्धारित की गई पुस्तकों को दरकिनार कर अपने मनपसंदीदा प्रकाशको की पुस्तकें जिसमें उन्हें मोटा कमीशन मिलता है को खरीदने हेतु अभिभावकों को बाध्य कर मोटी रकम वसूली जाती है। जबकि छ. ग. बोर्ड



मान्यता वाले निजी विद्यालयों को भी शासन के द्वारा निःशुल्क कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है। जिस पर भी उचित कार्यवाही किए जाने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये जाने की जरूरत है। किसी भी निजी विद्यालय को शासन के आदेशानुसार वर्ष में केवल 8 प्रतिशत तक ही फीस की बढोत्तरी करने का अधिकार है और यदि वो इससे ज्यादा करते है तो उसकी अनुमति जिला कलेक्टर द्वारा बनाई गई फीस हेतु कमेटी से पास करवाना आवश्यक है। कितने निजी विद्यालयों के द्वारा इसकी जानकारी जिला कमेटी को देकर फीस का निर्धारण किया जाता है। निजी विद्यालयों में विद्यार्थियो को शुद्ध जल, बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर पर्याप्त मात्रा में शौचालय, खेल का मैदान, उचित स्वास्थ्य की सुविधा आदि दिया जाना अनिवार्य है। जिसका अधिकतर निजी विद्यालयों द्वारा पालन नही किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिला में बनाई गई जिला फीस कमेटी की बैठक नियमित रूप से फीस के संबंध में नही की जा रही है। जिससे निजी विद्यालयों को अपनी मनमानी करने का मौका मिल रहा है। छ.ग. राज्य बाल अधिकार संस्थान आयोग रायपुर के द्वारा अपने पत्र क्र. 196/आयोग/2024 दिनांक 03.06.2024 को राज्य के समस्त कलेक्टरों को पत्र लिखकर आदेशित किया है कि समस्त निजी विद्यालयों के मनमाने फीस बढ़ोत्तरी पर रोकथाम के लिए सभी विद्यालयों को विद्यालय फीस समिति में अभिभावकों को सम्मिलित करते हुए एवं जिला फीस समिति के साथ नियमित बैठक करने के बाद ही फीस बढ़ोत्तरी का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त स्कूल विद्यालय फीस समिति में पास होने के उपरांत फीस की जानकारी 4×8 फीट के बोर्ड सहित बेवसाईड में सार्वजनिक कराया जाए। जिसका पालन भी किसी निजी विद्यालय द्वारा नही किया जा रहा है। निजी विद्यालय फीस न मिलने की स्थिति में विद्यार्थियों का नाम केवल इस आधार पर नही काट सकता है। परंतु कई विद्यालयों में इसका पालन न कर विद्यार्थियों को फीस न जमा करने पर नाम काटने की धमकी एवं दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेने हेतु टी.सी. न दिये जाने की शिकायतें अक्सर प्राप्त होती रहती है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी शासकीय एवं गैर शासकीय विद्यालयों में केवल प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा की अध्यापन कार्य कराया जाना है। किन्तु अधिकतर निजी विद्यालयों के द्वारा गैर प्रशिक्षित शिक्षकों (10वीं 12 पास) के द्वारा अध्यापन का कार्य कराया जा रहा है। जो कि शासन की नीतियों का स्पष्ट उल्लंघन है। निजी विद्यालयों के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही बसों, मैजिक, ऑटो आदि वाहनों में सुरक्षा के किसी भी पहलुओं का पालन नही किया जाता है। आवश्यकता से अधिक बच्चों को भर कर उनके सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जाता है। जिसके लिए भी जिला कार्यालय से सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश एवं उसका कठोरता से पालन किये जाने हेतु आदेश जारी करने की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया गया है कि 10 दिवस के अन्दर उपरोक्त समस्याओं से अभिभावकों को समाधान दिलाने की कृपा करें। अन्यथा भारतीय युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने हेतु बाध्य होगें। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।

# नगर पालिका कर्मचारियों को अन्य विभागों की तरह सीधे विभाग से वेतन भुगतान हो: डोमरू रेड्डी

**पूर्व महापौर ने वर्तमान महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल को दिया ज्ञापन**

**विशेष सम्मेलन आहूत कर, कर्मचारी हित मे प्रस्ताव पारित कर शासन को प्रस्ताव भेजने की मांग की**

-संवाददाता-
चिरमिरी,28 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

नगर पालिका के कर्मचारियों को सीधे विभाग से ही वेतन भुगतान किए जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ नगर पालिका प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आंदोलन का समर्थन करते हुए पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी ने आज नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर, कांग्रेस की ओर से कर्मचारियों के पक्ष में आवाज बुलन्द किया।

अपने ज्ञापन में पूर्व महापौर ने कहा है कि इसी राज्य के सरकार द्वारा जब पी.एच.ई.,जल संसाधन, पी.डब्लू.डी. एवं वन विभाग द्वारा अपने विभागीय ठेका श्रमिकों को सीधे विभाग से मजदूरी का भुगतान करती है तो फिर नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ ऐसा भेदभाव क्योंकि उन्हें ठेकेदार के मार्फत पारिश्रमिक दिया जाता है। इस सम्बंध में इन दिनों छत्तीसगढ़ नगर पालिका प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। श्री रेड्डी ने कहा कि



नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं के लिए दिन रात साफ - सफाई, बिजली-पानी जैसे मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु परिश्रम करने वाले ठेका मजदूरों के साथ यह छ्लावा उचित नहीं है, इसलिए हमें पूरे दमखम के साथ कर्मचारियों के साथ खड़े रहने की जरूरत है।

इस हेतु महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, सभापति श्रीमती गायत्री बिरहा और नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह को ज्ञापन सौंप कर श्री रेड्डी ने मांग की है कि नगर निगम में विशेष सम्मेलन आमंत्रित कर, इस आशय का प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा जाना चाहिए, जिससे कि कर्मचारियों का भला हो सके और वे भी शासन के अन्य विभागों में कार्य करने वाले ठेका कर्मचारियों की ही तरह सीधे विभाग से ही वेतन प्राप्त कर सकें। महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल ने आश्वस्थ किया है कि वे जल्द ही कर्मचारियों के हित में अपने महापौर परिषद में प्रस्ताव शामिल करते हुए, विशेष सम्मेलन आहूत करने के दिशा में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। महापौर ने यह भी कहा कि कर्मचारी के हित मे वे स्वयं और उनकी पार्टी कांग्रेस सदैव खड़ी रही है और आगे भी पूरे ताकत के साथ हम सब एक साथ उनके हित मे लड़ाई लड़ेंगे।

# अवैध 100 कट्टी धान तस्करी पर की गई कार्यवाही,हुई जब्त

-संवाददाता-
कोरबा 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा अवैध रूप से धान की आवक को रोकने व बेचने के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गए हैं। इसी कड़ी में दिनांक 27-11-2024 वाहन क्रमांक सीजी 12 बीपी 6221 में लगभग 100कट्टी धान चिकनीपाली से लोड हो कर औराई होते हुए करतला की ओर जा रहा था,जिसे रोक कर सहकारी निरीक्षक श्री एल.एन.जायसवाल एवं राजस्व विभाग के तहसलीदार करतला द्वारा जब्ती की कार्यवाही कर करतला थाना के सुपुर्द किया गया। संबंधित के विरुद्ध मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को चौकी खड़गवां पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर 28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

दिनांक 28.11.2024 को ग्राम डुबी बड़कापारा, थाना राजपुर निवासी भगवान दास सांडिल्य ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की पूनम टेकाम को दिनांक 27.11.2024 के शाम को मुर्गा सब्जी नहीं बाने की बात पर नाराज होकर उसका पति हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह के द्वारा चूल्हा के जलते लकड़ी एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया है जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर चौकी खड़गवां पुलिस, एसडीओपी प्रतापपुर और फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मामले की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने हत्या के आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी खड़गवां की पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह पिता केंदाराम उम्र 48 वर्ष निवासी जगन्नाथपुर खपरापारा चौकी खड़गवां को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

# ग्रामीण ने सचिव पर लगाए शासन की योजनाओं का लाभ नहीं दिलाने का आरोप

**पंचायत सचिव साधु चरण साहू हो चुके है कार्य में लापरवाही बरतने में निलंबित**

-संवाददाता-
प्रेमनगर,28 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत प्रेमनगर के अंतर्गत पंचायत सचिव अपने मनमानी पर उतर आए है। अपने सचिवालयों में कभी कभार बैठ रहे है। जिससे ग्रामीण अपने कार्यो को लेकर पंचायत भवन का चक्कर लगा रहे है। इसी कड़ी प्रेमनगर जनपद प्रेमनगर के अंतर्गत एक पंचायत सचिव पर जनपद के अफसरो के लाडले बन कर बैठे हुए हैं। इनके विरुद्ध स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिकायत देने के बाद भी जनपद के अफसर आंख बंद किए हुए है। ग्राम बकिरमा के एक ग्रामीण ने जिला पंचायत साइको के नाम से जनपद सीईओ को एक पत्र देकर पंचायत सचिव साधु चरण साहू के विरुद्ध कार्य में लापरवाही बरतने शासन से मिलने वाले राशि को गमन करने, शासन की योजनाओं के लिए घुमाने का गंभीर आरोप लगाया है और कार्यवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि आवेदक राजकुमार आ. देवनाथ, ग्राम बकिरमा (बिंझवारी डांड) का निवासी है। इसने गुरुवार को जनपद पंचायत



प्रेमनगर में लिखित शिकायत देकर बताया कि मेरे पिता देव नाथ का आकस्मिक 17 सितंबर 2024 को मेरे घर पर हुआ था। गरीबी होने के कारण मृत्यु के पश्चात समूह से ऋण लेकर पिता का दाह संस्कार किया हूं। पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदक 20 दिन तक पंचायत सचिव साधू चरण साहू के द्वारा घुमाया गया. जिसके बाद मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया गया. आवेदक राजकुमार ने सचिव श्री साहू से शासन से मिलने वाले श्रद्धांजली योजना के तहत मृतक के परिवार को राशि 2000 (दो हजार) की राशी की मांग की गई। जिस पर सचिव घुमा रहा है। जो आज दिनांक तक नहीं मिला है। जबकि श्रद्धांजलि योजना के तहत मृतक परिवार को तत्काल में नगद के तौर आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है। आवेदक राजकुमार ने परिवार सहायता योजना के तहत शासन द्वारा परिवार सहायता योजना के तहत राशि 20000 (बीस हजार) रूपये के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक का आधार कार्ड, आवेदक के माता का आधार कार्ड, लेकर सचिव साधू चरण साहू के पास कई दफा गये है। आवेदक के पिता का गरीबी रेखा सर्वे सूचि में नाम भी है इसके बाद भी सचिव साधू चरण साहू के द्वारा गोल मोल जवाब देकर घुमाया जाता है, पंचायत भवन में सप्ताह में कभी कभार आते है. अन्य समय नदारद रहते है. पंचायत सचिव पर कार्यवाही और उसको मिलने वाले योजना का लाभ जनपद पंचायत को पत्र देकर की है। बता दें कि इस पंचायत साधु चरण को दो पूर्व कलेक्टर गौरव सिंह ने कार्य में लापरवाही बरतने,आर्थिक अनियमितता करने के मामले में निलंबन किया था। जिसका जांच प्रेमनगर के अफसर कर मामले में लीपापोती कर दिया गया है।

# क्या भाजपा सरकार ने बिल्डर को दिया क्लीन चिट ?

**भाजपा सरकार के मंत्रियों के इर्द गिर्द आए दिन दिखाई दे रहा बिल्डर,जबकि अभी भी उसके खिलाफ न्यायालय में चल रहा मामला**

**विधायक के साथ आए दिन विभिन्न मंचों पर दिख रही सक्रियता**

**मुख्यमंत्री,मंत्री के साथ फोटो खींचा कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के पीछे भी झलकता है बिल्डर का षडयंत्र ?**

**हाल ही में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के गृह प्रवेश कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक के साथ शामिल हुआ बिल्डर**

**क्या बैकुंठपुर विधायक ही दे रहे बिल्डर को संरक्षण ?**

**विवादित बिल्डर को खुद क्लीन चिट देकर भाजपा नेताओं ने दिखाया अपना असली चेहरा,कथनी और करनी में दिखा अंतर**

**नेताओं संग फोटो खिंचाने के बाद सोशल मीडिया में डालो और चमकाओ अपना विवादित चेहरा, ऐसा है बिल्डर का षडयंत्र...**

**2011 में तात्कालिन भाजपा सरकार के समय हुई थी बिल्डर के खिलाफ पहली कार्यवाही..**

**कई मामलों में जा चुका है जेल,आदतन अपराधी के कारण हुआ था जिला बदर,अभी भी जमानत पर है रिहा...**

-न्यूज डेस्क-

रायपुर,28 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया से लेकर रायपुर तक एक विवादित बिल्डर को भाजपा नेता क्या पुनः संरक्षण दे रहे हैं? क्या वह फिर अपना साम्राज्य जो डर भय का साम्राज्य था और जो अन्याय का साम्राज्य था स्थापित करने की तैयारी में है यह सवाल बिल्डर की सोशल मीडिया पर साझा की जा रही तस्वीरों से खड़ी हो रही हैं। कांग्रेस शासनकाल में जिला बदर रहने वाला बिल्डर अब भाजपा सरकार की वापसी के साथ ही पुनः सक्रिय है और वह भाजपा नेताओं के साथ अब विधायक,मंत्री,मुख्यमंत्री तक अपनी पहुंच पकड़ फोटो खिंचाकर साबित कर रहा है और कहीं न कहीं यह जताने का भी प्रयास कर रहा है कि वह अब निडर निश्चिंत है और मनमानी के लिए स्वतंत्र है। वैसे यह हम नहीं कह रहे हैं यह जनचर्चा है कि कोरिया जिले का बिल्डर जिस तरह भाजपा की सत्ता वापसी उपरांत सक्रिय हुआ है यह लग रहा है कि वह पुनः उत्पात मचाने वाला है और वह फिर अपना वही साम्राज्य स्थापित करने की फिराक में है जहां डर-भय और आतंक के सहारे लोगों को सताने का काम होता है और उनकी बेशकीमती जमीनें हथियाकर उन्हें मुंह मांगे दाम पर बेचे जानी की कार्यवाही होती है। हाल फिलहाल में बिल्डर बैकुंठपुर के विधायक के साथ हर उस मंच पर नजर आया जहां भाजपा का कार्यक्रम कोई बड़ा हुआ या फिर किसी मंत्री या प्रदेश के मुख्यमंत्री से विधायक की मुलाकात हुई हो। बिल्डर लगातार अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है उसकी सक्रियता यह भी बता रही है कि कहीं न कहीं भाजपा नेता उसे क्लीन चिट दे चुके हैं और अब वह चाहे तो फिर से मनमानी कर सकता है। बिल्डर की यदि पिछ्ली पूरी कार्यप्रणाली और कांग्रेस शासनकाल में उसके ऊपर हुई कार्यवाहियों पर नजर डाली जाए तो यह देखने को मिलेगा कि बिल्डर के ऊपर कई मामले दर्ज हुए और कई मामलों के दर्ज होने उपरांत उसे तड़ीपार (जिलाबदर) भी किया गया बिल्डर के ऊपर हुई सभी कार्यवाहियां उसकी मनमानी और उसके द्वारा नियम विरुद्ध किए गए क्रियाकलापों के लिए की गई थी। बिल्डर को तत्कालीन सरकार और तत्कालीन विधायक से कोई सहयोग समर्थन नहीं मिला वहीं जिन मामलों में वह दोषी पाया गया खासकर जमीन मामले में ऐसे सभी जमीन पर से या तो कब्जा उसका हटाया गया या फिर खुद बिल्डर ने ही कब्जा त्याग दिया। वैसे जैसे ही भाजपा की सरकार प्रदेश में बनी बिल्डर तत्काल सक्रिय हुआ और सबसे पहले उसने अपना तड़ीपार वाला मामला समाप्त कराया और जैसे ही मामला समाप्त हुआ बिल्डर ने प्रथम पंक्ति की राजनीति भाजपा में शुरू कर दी और लगातार भाजपा नेताओं,विधायक,मंत्री और अब तो हद हो गया कि मुख्यमंत्री से उसकी मुलाकात और उसकी तस्वीरें सार्वजनिक होने लगीं। यह तस्वीरें खुद बिल्डर साझा कर रहा है और वह यह सार्वजनिक जाहिर कर रहा है कि अब भाजपा की सरकार है और वह जिले का सरताज है।



फाईल:फोटो

## केके श्रीवास्तव के संपर्क में भी था बिल्डर

शुरू से ही विवादित रहा बिल्डर प्रदेश में वर्ष 2018 मे कांग्रेस सरकार आने के बाद कांग्रेसियों के संपर्क में भी रहा है। बिलासपुर का एक ठग केके श्रीवास्तव जो कि अभी करोड़ो की ठगी के मामले मे फरार चल रहा है और उसके खिलाफ ईडी एवं एसीबी ने मामला दर्ज किया है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बिल्डर ने केके श्रीवास्तव से भी संपर्क साध रखा था,और उसके द्वारा केके श्रीवास्तव से लेनदेन भी किया गया था। इस बात की जानकारी सार्वजनिक रूप से खुद बिल्डर ने ही विज्ञप्ति जारी कर की थी। केके श्रीवास्वत जैसे ठग से संबंध होने और उससे लेनदेन करने की बात बिल्डर ने खुद ही स्वीकारी थी जिससे समझा जा सकता है कि जो बिल्डर अभी खुद को भाजपाई बतलाकर भाजपा नेताओं के साथ ही भाजपा सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचाकर उसे वायरल कर रहा है उसके संबंध कांग्रेस सरकार में भी पूर्व सीएम भूपेष बघेल के करीबियों से थे और उनके माध्यम से वह अपने गलत कारनामों को अंजाम देने की भरपूर कोशिश कर रहा था।

## महिला बाल विकास मंत्री के गृह प्रवेश में शामिल हुआ था बिल्डर

बिल्डर वर्तमान में बैकुंठपुर विधायक का खास बना हुआ है, और आए दिन उनके साथ सार्वजनिक कार्यक्रम में उसकी उपस्थिति देखी जा रही है। गत मंगलवार को नवा रायपुर में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नव निर्मित आवास में प्रवेश का कार्यक्रम रखा था उक्त कार्यक्रम में भी बिल्डर को बैकुंठपुर विधायक के साथ ही बिल्डर पहुंचा था। बिल्डर ने यहां भी मौके का फायदा उठाते हुए खूब फोटोग्राफी कराई जाहिर सी बात है एक सामान्य इंसान भी यदि जनप्रतिनिधी के साथ फोटो खिंचाने की इच्छा रखता है तो उसमें कोई आपत्ति नही करता लेकिन इसके पीछे सामान्य इंसान का कोई षडयंत्र नही रहता लेकिन एक विवादित बिल्डर द्वारा फोटो खिंचाना और फिर उसे सोषल मीडिया मे वायरल करना कई मायने में अहम है।

## अभी भी जमानत पर रिहा है बिल्डर

बैकुंठपुर के बिल्डर को गत वर्ष भाजयुमो भैयाथान के मंडल अध्यक्ष पर जानलेवा हमले के आरोप में सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। उसने अपने गुर्गों के माध्यम से भाजयुमो नेता पर जानलेवा हमला कराया था। सूरजपुर जेल में रहने के दौरान ही माननीय उच्च न्यायालय से उसे जमानत मिला है और जमानत मिलने के बाद प्रदेष में भाजपा सरकार आते ही उसकी सक्रियता कुछ ज्यादा ही बढ गई है।



फाईल:फोटो

## फोटो खिंचाओं सोशल मीडिया मे डालो और विवादित चेहरा चमकाओ

बिल्डर आए दिन भाजपा नेताओं से लेकर मंत्रियों के इर्द-गिर्द दिखलाई देता है। ऐसा नही है कि बिल्डर के कारनामों की जानकारी भाजपा नेताओं संग कुछेक मंत्रियों को नही है लेकिन इसके बाद भी बिल्डर को उनके संग फोटो खिंचाने में तनिक भी शर्म नही है। और वही फोटो का इस्तेमाल बिल्डर द्वारा सोषल मीडिया में डालकर खुद को पाक साफ बताने और पहुंच रखने का हवाला दिया जाता है। बिल्डर के द्वारा फोटो को सोषल मीडिया में जरूर डाला जाता है और ऐसा करके वह खुद का विवादित चेहरा चमकाने का भरपूर काम कर रहा है।

## जबसे सत्ता परिवर्तन हुआ है,मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों,विधायकों के इर्द-गिर्द ही नजर आ रहा है बिल्डर

जो बिल्डर कांग्रेस शासनकाल में जिला बदर थे वहीं जिनके ऊपर कई मामले आपराधिक दर्ज थे वह जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ वैसे ही मुख्यमंत्री,मंत्रियों और विधायकों के इर्द गिर्द नजर आने लगे हैं,,जिला बदर का मामला उन्होंने सत्ता परिवर्तन होते ही समाप्त करा लिया था वहीं अन्य मामले भी शिथिल करा लिए जिससे वह निश्चिंत स्वतंत्र घूम सकें। अब बिल्डर केवल मुख्यमंत्री, मंत्री ,विधायक को अपनी मोह माया के जाल में फंसाने की जुगत में नजर आते हैं जो लगातार देखने को मिल रहा है। कहा जाए तो बिल्डर अपनी पहचान का डंका बजाना चाहते हैं और ऊंची पकड़ भाजपा शासनकाल में जाहिर करना चाहते हैं और इसीलिए वह भाजपा नेताओं के साथ लगातार फोटो साझा कर रहे हैं।

## क्या बैकुंठपुर विधायक के संरक्षण में फल फूल रहा बिल्डर ?

सूत्रों का दावा है कि बिल्डर को बैकुंठपुर विधायक का पूरा सरंक्षण प्राप्त है। विधायक के साथ ही बिल्डर का अब कई कई सार्वजनिक कार्यक्रम में आना जाना होता है। विधायक को अपने जाल मे फंसाकर बिल्डर द्वारा अपने गलत कारनामों को ढंकने का काम शुरू कर दिया गया है। कोरिया जिला ही नही बल्कि पड़ोसी जिलों से लेकर राजधानी में भी बिल्डर को बैकुंठपुर विधायक के साथ सक्रिय देखा जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या बैकुंठपुर विधायक के संरक्षण में ही बिल्डर एक बार फिर से फल फूल रहा हैं।

## बैकुंठपुर विधायक के साथ भी नजर आ रहे हैं मंच पर,अब इसका फायदा कम नुकसान है ज्यादा...कहते हैं लोग

बिल्डर बैकुंठपुर विधायक के साथ हर मंच पर जिले के नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिल्डर की छवि जैसी है उसके हिसाब से उनका विधायक के साथ हर मंच पर आना जाना नुकसानदायक ही होगा आगे चलकर क्योंकि बिल्डर का जनाधार से कोई सरोकार नहीं है और वह किसी के लिए जीत हार तय कर सकेंगे यह भी कहना सही नहीं होगा। बिल्डर के मंचों पर उपस्थिति से पार्टी को फायदा कम नुकसान ज्यादा होगा यही लोगों का कहना है।

## कलेक्टर रितु सेन के समय से हुई थी शुरूआत

कोरिया जिले के बैकुंठपुर शहर के विवादित और षडयंत्रकारी बिल्डर के कारनामें लोगो ने पिछ्ले कई वर्षों में देखे हैं,बिल्डर के द्वारा बैकुंठपुर शहर में शासकीय जमीनों की हेराफेरी की जाती रही,इसके साथ ही बिल्डर सत्ता के संरक्षण में रेत का कारोबार भी करने लगा था,और धीरे-धीरे कई घटनाओं को भी अंजाम देने लगा था। शासकीय बेसकीमती जमीनों पर उसकी नजर रहती थी, और ऐन-केन प्रकार से फर्जी दस्तावेज और फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से भी उस जमीन को अपने नाम कराने में उसकी खूब दिलचस्पी दिखलाई देती थी। बिल्डर की रूचि सिर्फ गलत और अवैध कार्य करने में थी उसके खिलाफ सबसे पहले कार्यवाही वर्ष 2011 में प्रदेश की तात्कालिक भाजपा सरकार के कार्यकाल में तात्कालिक कलेक्टर रितु सेन के समय हुई थी और इसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। धीरे धीरे बिल्डर के गलत कारनामे सामने आते गए,एक तरह से अपराध की दुनिया में भी वह पैर पसार चुका था आए दिन विवाद, मारपीट, गुर्गों के माध्यम से किसी भी घटना को अंजाम देना ही पेषा बन चुका था। गत वर्ष भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भैयाथान के साथ भी जानलेवा हमले के आरोप में सूरजपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लगातार अपराध में शामिल होने के कारण ही बिल्डर को कोरिया जिला प्रषासन ने पिछ्ले वर्ष जिला बदर कर दिया था लेकिन प्रदेष में सरकार आते ही बिल्डर ने अपना जिला बदर भी समाप्त करा लिया और फिलहाल जमानत पर भी जेल से रिहा हुआ है। प्रदेश में अब भाजपा के मंत्री और अनेक नेताओं के साथ भी वह बिल्डर लगातार दिखलाई देने लगा है,अपने गलत कारनामों पर पर्दा डालने के लिए बिल्डर फिर चाल चलने लगा है,और इस बार उसके द्वारा बैकुंठपुर विधायक को अपना माध्यम बनाया गया है और उनके माध्यम से वह एक बार फिर अपना पैर पसार रहा है।

## मंत्रियों के साथ फोटो खिंचाने में माहिर है बिल्डर

बैकुंठपुर शहर का बिल्डर जिसके बारे में जानकारों का कहना है कि वह अपने गलत कारनामों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है और इसके लिए ही वह अपने जमीन संबंधी मामलों को फिलहाल दबाने में लगा है। पिछ्ले 10 वर्ष में उसके खिलाफ सरगुजा संभाग के विभिन्न थानो मेंअपराध दर्ज हुए। बिल्डर का बैकुंठपुर में जमीन और मकान बनाकर बेचने का काम है जिस पर वह पिछ्ले कई वर्षो से पहले निजी जमीन क्रय करता है उसके बाद आसपास की शासकीय जमीन पर कब्जा कर निर्माण करा देता है व बाद में फर्जी कागज से उसे विक्रय भी कर देता है। लगातार बिल्डर के खिलाफ पीड़ितो द्वारा षिकायत की जाती थी जिसके बाद पिछ्ले भाजपा सरकार से लेकर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उसके खिलाफ कार्यवाही की गई थी। अब जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद फिर एक बार बिल्डर की सक्रियता देखने को मिल रही है। सूत्रों का कहना है कि विवादित बिल्डर खुद को भाजपा का बड़ा नेता बतता है,व उसके द्वारा प्रदेष के मुख्यमंत्री व मंत्री के साथ फोटो खिंचाकर उसे सोषल मीडिया में जानबूझकर इसलिए वायरल किया जाता है कि उसे लोगो को दिखाकर वह एक बार फिर अपनी छवि सुधार सके।

## वर्ष 2011 में पहली बार हुई थी कार्यवाही

बिल्डर एक षडयंत्रकारी प्रवित्ती का व्यक्ति है,पिछ्ले बार जब उसके घर पर छापामार कार्यवाही की गई थी तो कई पटवारियों के हस्ताक्षरयुक्त कागज एवं पट्टा आदि बिल्डर के घर पर मौजूद थे जिसे देखकर अधिकारियों के भी पसीने छूट गए थे। बिल्डर द्वारा सबसे पहले बैकुंठपुर के कचहरी पारा में शकुंतला कॉलानी बनवाया गया था जिसके कागज भी गलत तरीक से तैयार कराए गए थे,भारी अफरा तफरी कर मकानों का निर्माण किया गया एवं उसे विक्रय किया था। वर्ष 2011 में प्रदेश की रमन सरकार के कार्यकाल मे कोरिया की तात्कालिक कोरिया कलेक्टर रितु सेन ने बिल्डर के खिलाफ कार्यवाही की थी,और उसे अंततः जेल जाना पड़ा था। हलांकि अपने गलत कारनामो के कारण बिल्डर पिछ्ले 12 - 13 वर्ष में दो तीन बार जेल जा चुका है।

## क्या बिल्डर को क्लीन चिट देकर भाजपा नेताओं ने साबित किया कि यही उनकी नीति है,गलत को ही उनकी सहमति है ?

भाजपा नेताओं के साथ जिस तरह बिल्डर घूम रहा है हर मंच पर उपस्थिति दर्ज करा रहा है यह कहना गलत नहीं होगा कि उसे संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। यदि बिल्डर को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है तो क्या यही भाजपा नेताओं का असली चेहरा है कि वह बिल्डर को क्लीन चिट देकर यह साबित कर रहे है कि यही उनकी नीति है और गलत को उनकी सहमति है।अब यदि ऐसा है तो फिर पार्टी कैसे अन्य मामले या गलत व्यक्तियों को लेकर अपना रुख नकारात्मक साबित कर सकेगी जाहिर कर सकेगी जब वह बिल्डर के मामले में जो कई मामले में आरोपी है मौन है या सहमति प्रदान कर रहे हैं। बिल्डर को लेकर भाजपा जिले सहित राज्य स्तर पर कहीं ट्रोल न हो जाए जिसका खतरा ज्यादा नजर आ रहा है। बिल्डर की वजह से पार्टी की साख भी जाएगी और नेताओं की भी खासकर मुख्यमंत्री,मंत्री और विधायकों की किरकरी होगी जो उसे संरक्षण देने के लिए होने वाली किरकिरी होगी।

## जमानत पर हैं बिल्डर बाहर,भाजपा का सक्रिय नेता खुद को साबित करने की है जुगत

बिल्डर बताया जा रहा है कि अभी जमानत पर बाहर है,और इसी बीच वह भाजपा नेता खुद को साबित करने की जुगत में है। बिल्डर भाजपा में अपनी पकड़ को साबित करने के लिए ही हर जगह पार्टी के कार्यक्रम में जा रहा है वहीं वह मंचों पर जाकर बड़े नेताओं के साथ अपनी पहचान सार्वजनिक रूप से भाजपा नेता स्वरूप जाहिर करने में लगा है। उसका यह प्रयास भाजपा के सिद्धांतों को नुकसान पहुंचा रहा है जो लोगों का ही कहना है।

CMYK

## खेल की संक्षिप्त खबरें

### न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड,पहला टेस्ट



#### केन विलियमसन ने जड़ा 36वां अर्धशतक,शतक से चूके

**नईदिल्ली,28 नवंबर 2024।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केन विलियमसन ने शानदार पारी (93) खेली है।यह उनके टेस्ट करियर का 36वां अर्धशतक है। इंग्लैंड के खिलाफ इस खिलाड़ी ने अपना 5वां अर्धशतक जड़ा है।साल 2024 में विलियमसन के बल्ले से निकला यह तीसरा अर्धशतक है। इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी की है।

### एडिलेड ओवल पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज



**नईदिल्ली,28 नवंबर 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेला जाना है।सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। इस मुकाबले को भारतीय टीम ने 295 रनों से अपने नाम किया था।एडिलेड में होने वाला टेस्ट मैच 6 दिसंबर से शुरू होगा। पहले स्थान पर भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं।

# आईपीएल के नए नवाब बने ऋषभ पंत

**» ऑक्शन में छोड़ा सभी को पीछे**

**» छप्परफाड़ बरसा पैसा**

**नईदिल्ली,28 नवंबर 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के साल 2025 में खेले जाने वाले 18वें सीजन में सभी 10 टीमों में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। ये चेंज फैंस के लिए भी काफी दुविधा भरा रहने वाला हैं क्योंकि कई ऐसे प्लेयर्स जो अपने डेब्यू सीजन से लेकर आईपीएल 2024 तक एक ही टीम से खेलते हुए नजर आए वह अगले सीजन किसी दूसरी टीम की जर्सी में दिखाई देने वाले हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का है, जिनको लेकर मेगा ऑक्शन से पहले ही काफी चर्चा देखने को मिल रही थी। पंत को लेकर पहले ऐसी उम्मीदें लगाई जा रही थी कि दिल्ली कैपिटल्स उन्हें आरटीएम का यूज करते हुए वापस से टीम में शामिल कर लेगी, लेकिन लखनऊ सुपर जाएंट्स ने एक ऐसी बोली लगा दी जिससे उन्हें भी अपने कदम पीछे लेने पड़े। अब पंत नवाबों के शहर लखनऊ की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम की जर्सी में दिखाई देंगे।

### आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बन गए ऋषभ पंत

सऊदी अरब के जेद्दा शहर में इस बार 24 और 25 नवंबर को आईपीएल मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 577 प्लेयर्स शॉर्टलिस्ट हुए थे। इसमें से मार्की प्लेयर्स को लेकर सबसे पहले बोली लगी। ऐसे में सभी को ऋषभ पंत ने नाम को पुकारे जाने का इंतजार था। ऑक्शनर ने जब उनके नाम को पुकारा तो उसमें सबसे पहली बोली चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से आई। इसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स मैदान में कूदी और लगातार पंत की प्राइज इसके बाद बढ़ती चली गई। इस दौरान सीएसके ने तो अपने कदम पीछे ले लिए लेकिन आरसीबी और उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने भी उन्हें अपनी टीम में लेने की कोशिश की लेकिन लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 20.75 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें भी पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।



यहां से अभी ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा नहीं बने थे जिसमें दिल्ली कैपिटल्स ने उनको लेकर आरटीएम का यूज करने का फैसला किया। इसके बाद लखनऊ ने अपनी फाइनल प्राइज सीधे 27 करोड़ रुपए कर दी जिसे सुन वहां बैठी सभी फ्रेंचाइजी और फैंस भी हैरान रह गए और पंत को दिल्ली ने फिर छोड़ने का फैसला किया।

### ऋषभ पंत पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने अपने पर्स का 22.7 फीसदी कर दिया खर्च

लखनऊ सुपर जाएंट्स को आईपीएल के आगामी सीजन में एक ऐसे प्लेयर की खोज थी जो उनकी टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी को बखूबी संभाल सके और इसमें ऋषभ पंत अब पूरी तरह से फिट दिख रहे हैं। इस बार मेगा ऑक्शन को लेकर सभी टीमों को कुल 120 करोड़ रुपए का पर्स दिया गया था, जिसमें पंत को लेकर लखनऊ ने अपने पर्स का 22.5 फीसदी खर्च कर दिया। मेगा ऑक्शन में आने से पहले लखनऊ ने 5 प्लेयर्स को रिटेन भी किया था, जिसके बाद उनके पास सिर्फ 69 करोड़ रुपए पर्स में बचे थे और इसमें से उन्होंने 27 करोड़ रुपए सिर्फ पंत को अपनी टीम में शामिल करने के लिए खर्च कर दिए। आईपीएल के पिछले तीन मेगा ऑक्शन को देखा जाए तो उसमें साल 2018 में जब इसका आयोजन किया गया था तो उस समय सभी फ्रेंचाइजियों को 80 करोड़ रुपए का पर्स दिया गया था, जिसमें इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी बेन स्टोक्स को उस समय राजस्थान रॉयल्स ने 12.5 करोड़ रुपए में खरीदा था जिसमें उन्होंने अपने पर्स का 15.63 फीसदी उनको लेकर खर्च कर दिया था। वहीं साल 2022 के मेगा ऑक्शन में ईशान किशन को मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ रुपए में खरीदा था जिसमें उस समय सभी फ्रेंचाइजियों का पर्स 90 करोड़ रुपए था। ऐसे में ईशान को लेकर मुंबई ने अपने पर्स का 16.94 फीसदी खर्च कर दिया था। ऐसे में ऋषभ पंत ने इन सभी को पीछे छोड़ने के साथ एक ऐसा बेंचमार्क सेट कर दिया है जिसको अब कौन तोड़ेगा इसका इंतजार सभी फैंस को रहेगा।

# सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरू एफसी को बचाया

**कोलकाता,28 नवंबर 2024 ।** अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरू एफसी की नैया को डूबने से बचाते हुए मोहम्मडन एससी पर जीत शानदार जीत दिलाई। उनके दोनों गोलों की मदद से ब्लूज ने बुधवार को एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान ब्लैक पैंथर्स पर 2-1 से जीत हासिल की।

बेंगलुरू एफसी की जीत में सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक) 82वें और 90+9वें मिनट में गोल किए। सुनील छेत्री को ऐतिहासिक दोनों गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इस हार के बाद मोहम्मडन स्पोर्टिंग का आईएसएल 2024-25 में अपनी पहली घरेलू जीत का इंतजार बढ़ गया है और साथ ही वो अपने पांच घरेलू मैचों में जीत से दूर रहने वाली आईएसएल इतिहास की पहली टीम बन गई है। इससे रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव निश्चित रूप से निराश होंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग आठ मैचों में एक जीत, दो ड्रा और पांच हार से पांच अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ब्लूज द्वारा पिछड़ने के बाद शानदार जीत हासिल करने से स्पेनिश हेड जेरार्ड जारागोजा जरूर राहत महसूस कर रहे होंगे। बेंगलुरू एफसी नौ मैचों में छह जीत, दो ड्रा और एक हार से 20 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंच गई है।



मैच का पहला गोल आठवें मिनट में आया, जब सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के स्ट्राइकर सीजर मंजोकी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। दाहिने फ्लैंक पर मिली कॉर्नर किक पर उज्बेक मिडफील्डर मिर्जालोल कासिमोव ने हवाई रास्ते से क्रॉस डालकर गेंद को छह गज के खतरनाक इलाके के ठीक आगे पहुंचाया, जहां मौजूद मंजोकी ने सटीक हैडर लगाया और गेंद गोलकीपर गुरप्रीत संधू के बायीं तरफ से टिप्पा खाकर दाहिने कॉर्नर पर गोल जाल में जा उलझी।

82वें मिनट में स्थानापन्न स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक पर अपना ऐतिहासिक गोल करके बेंगलुरू एफसी को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। बेंगलुरू एफसी को पेनल्टी किक के रूप सुनहरा मौका 79वें मिनट में मिला, जब कॉर्नर किक के दौरान मंजोकी ने अपने बॉक्स के अदंर मिडफील्डर पेड्रो कैपो को हाथों से गिराकर फाउल कर दिया और रैफरी क्रिस्टल जॉन ने लंबी सीटी बजाकर स्पॉट किक का इशारा किया। इसके बाद सुनील छेत्री ने दाहिने पैर से करारा शॉट लगाकर गेंद को लेफ्ट कॉर्नर पर गोल जाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर भास्कर रॉय दाहिनी तरफ डाइव लगाने के बावजूद गेंद तक नहीं पहुंच पाए। इस गोल के साथ ही सुनील आईएसएल इतिहास की सभी 15 टीमों के खिलाफ गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

स्टॉपेज टाइम के दौरान 90+9वें मिनट में सुनील छेत्री ने अपना दूसरा गोल करके बेंगलुरू एफसी की 2-1 से जीत सुनिश्चित कर दी। मिडफील्डर फेनाई ने बॉक्स के अंदर बायीं तरफ से क्रॉस डाल कर गेंद को सेंटर किया जहां मौजूद सुनील छेत्री ने हेडर लगाकर गेंद को राइट कॉर्नर के अंदर भेद दिया जबकि गोलकीपर भास्कर रॉय देखते रह गए।

पहला हाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग के नाम रहा, क्योंकि मेजबान टीम ने सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के स्ट्राइकर सीजर मंजोकी के गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, मोहम्मडन स्पोर्टिंग 1-0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बेंगलुरू एफसी का 64 फीसदी रहा। ब्लूज ने छह प्रयास किए लेकिन कोई भी शॉट टारगेट पर नहीं रहा। वहीं, गेंद पर 36 फीसदी कब्जा रखने वाली मोहम्मडन स्पोर्टिंग की ओर से भी छह किए गए, जिनमें से एक ही प्रयास टारगेट पर रहा और उसी पर गोल आया।

यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच पहला मैच था और आज बेंगलुरू एफसी ने शानदार जीत हासिल की जबकि मोहम्मडन स्पोर्टिंग को पहली जीत का इंतजार करना पड़ेगा।



## चोटिल स्टेफनी टेलर भारत दौरे से बाहर

**सेंट जोंस (एंटीगा),28 नवंबर 2024 ।** वेस्टइंडीज़ भारत के आगामी सफ़ेद गेंद दौरे पर ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर के बिना जाएगी। क्रिकेट वेस्ट इंडीज की रिलीज़ के अनुसार 33 वर्षीय टेलर इस समय इंजरी से रिकवर कर रही हैं और भारत में होने वाले आगामी तीन वनडे और टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी।

दो वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुकीं डिएंड्रा डॉटिन ने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में वापसी की थी और वह अब भारत के दौरे पर वनडे में वापसी करेंगी। उन्होंने अपना अंतिम वनडे मार्च 2022 में खेला था लेकिन सफ़ेद गेंद में उनका हालिया फ़ॉर्म शानदार रहा है। वर्ल्ड कप दल से बाहर रहने वालीं शाबिका गजनबी और रशादा विलियम्स की वनडे और टी20 दल दोनों में वापसी हुई है।

# मार्श की चोट की चिंताओं के बीच ऑलराउंडर बो वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

**कैनबरा,28 नवंबर 2024 ।** मिचेल मार्श की चोट की चिंताओं के बीच ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के ऑलराउंडर बो वेबस्टर को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया है।

वेबस्टर मध्यम तेज़ गेंदबाज़ी के साथ-साथ ज़रूरत पड़ने पर ऑफ़ स्पिन भी कर लेते हैं। उन्होंने हाल ही में इंडिया ए के ख़िलाफ़ सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते हुए प्रभावित किया था।

इसके अलावा उन्होंने हालिया शेफ़ील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स के ख़िलाफ़ 61 और 49 का स्कोर बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ स्लिप फ़ील्डर्स में से भी एक हैं। इंडिया ए के ख़िलाफ़ दो चार-दिवसीय मैचों की चार पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए उन्होंने 145 रन बनाने के साथ-साथ 19.57 की औसत से सात विकेट भी लिए थे।



पिछले दो साल के प्रथम श्रेणी मैचों की बात की जाए तो उनका बल्लेबाज़ी औसत 53.23 और गेंदबाज़ी औसत 31.71 का रहा है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्र्यू मैक्डोनाल्ड ने एडिलेड टेस्ट के लिए बिना किसी बदलाव की टीम घोषणा करते हुए यह भी सूचित किया था कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श की फ़िटनेस पर थोड़ा संदेह है। मार्श के फ़िटनेस के बारे में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी चिंता जताई थी।

हालांकि 13-सदस्यीय टीम में जोश इंगलिस के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज़ हैं, लेकिन अपनी ऑलराउंड क्षमताओं के कारण वेबस्टर टेस्ट डेब्यू के दावेदार बन गए।

दूसरा टेस्ट एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू होगा। पर्थ टेस्ट जीतकर भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम = पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख़्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, नेथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, बो वेबस्टर



## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल कॉक्स की जगह ओली रॉबिन्सन शामिल

**लंदन,28 नवंबर 2024 ।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि चोटिल जॉर्डन कॉक्स की जगह अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन को न्यूज़ीलैंड दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। कॉक्स ने क्वीन्सटाउन में अभ्यास मैच के दौरान अपने अंगूठे में फ्रैक्चर कर लिया और इसके बाद उन्हें तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज से बाहर कर दिया गया, जबकि बल्लेबाज ओली पोप क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे, जबकि नियमित विकेटकीपर जेमी स्मिथ पितृत्व अवकाश पर हैं।

रॉबिनसन के इस सप्ताह के अंत में न्यूज़ीलैंड में टीम में शामिल होने की उम्मीद है और वे 6 दिसंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से ही टेस्ट डेब्यू के लिए दावेदारी पेश करेंगे। यह 25 वर्षीय रॉबिन्सन का इंग्लैंड की सीनियर टीम में पहला चयन है।

## जायसवाल और गिल नहीं नीतिश कुमार रेड्डी को बताया भविष्य का सुपरस्टार




**नईदिल्ली,28 नवंबर 2024 ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक ऐसे कप्तान के रुप में याद किया जाता है जिन्होंने टीम इंडिया को विदेशों में लड़ना और जीतना सिखाया। ऐसा गांगुली इसलिए कर पाए क्योंकि उनके पास खिलाड़ियों की समझ और परख थी। वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, जहीर खान, आशीष नेहरा, मोहम्मद कैफ, एमएस धोनी जैसे खिलाड़ियों को टीम इंडिया में लाने का श्रेय गांगुली को ही जाता है। अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए एक युवा खिलाड़ी के बारे में गांगुली ने बड़ी बात कही है।भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट को भारत ने 295 रन से जीता था। इस मैच में जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस मैच से भारत के लिए ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी ने भी डेब्यू किया था। रेड्डी ने दोनों पारियों में अच्छी बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी शानदार की थी। उनके प्रदर्शन को देखते हुए सौरव गांगुली ने उन्हें भविष्य में टेस्ट फॉर्मेट का सुपरस्टार बताया है।

# 120 बहादुर से फरहान अख्तर का फर्स्ट लुक आउट

एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर फरहान अख्तर ने मौजूदा साल की 4 सितंबर को वार बेस्ड फिल्म 120 बहादुर का एलान किया था। 120 बहादुर से फरहान अख्तर का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। 1962 में भारत और चीन के बीच हुए वार पर बेस्ड फिल्म में फरहान अख्तर भारतीय जवान की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फरहान अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर कर दिया है. साथ ही फिल्म किस साल में रिलीज होगी इसका भी खुलासा कर दिया है।




फिल्म 120 बहादुर से फरहान अख्तर का फर्स्ट लुक देखते ही बन रहा है। बता दें, फरहान अख्तर ने भारत-चीन युद्ध के 62 साल पूरे होने के मौके पर फिल्म 120 बहादुर से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। भारत-चीन के बीच आज से 62 साल पहले 18 नवंबर 1662 को रेजांग ला युद्ध हुआ था. अपने पोस्ट में फरहान अख्तर ने लिखा है, आज 62 साल हो गये हैं, रेजांग ला का युद्ध, जिसमें 120 वीरों ने हजारों की फौज को टक्कर दी और इतिहास के पन्नो में अपने खून से लिखी भारतीय सैनिकों की हिम्मत की दास्तान.फरहान अख्तर ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, आज भारत-चीन युद्ध के 62 साल हो गए हैं, इसके सम्मान में मेजर शैतान सिंह के साहस को नमन करते हैं, जो विषम परिस्थितियों में दुश्मन के सामने डटे रहे, उनकी कहानी समय-समय पर गूंजती रहती है, हमें आजादी की कीमत और एकता की ताकत की याद दिलाती है, साथ ही अहीर समुदाय को विशेष सलाम, जिनके बेटों ने हमारे राष्ट्र की रक्षा में बेजोड़ बहादुरी का प्रदर्शन किया.फिल्म में परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह और चार्ली कंपनी के साथ-साथ कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिको का साहस देखने को मिलेगा। भारत और चीन के बीच रेजांग ला की लड़ाई लड़ी गई थी.रजनीश घई फिल्म 120 बहादुर को डायरेक्ट कर रहे हैं। राजीव मेनन ने फिल्म की स्टोरी और स्क्रीनप्ले को लिखा है. 120 बहादुर के डायलॉग सुमित अरोड़ा लिख रहे हैं। फिल्म में अमित त्रिवेदी म्यूजिक देंगे. वहीं, जावेद अख्तर फिल्म के गाने लिख रहे हैं। फरहान अख्तर, रितेश सिधवानी और अमित चंद्रा फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिलहाल फिल्म से बाकी की स्टारकास्ट के चेहरे सामने आना बाकी है. बता दें, फिल्म साल 2025 में रिलीज होने जा रही है.



## शाहरुख खान से पहले मिथुन चक्रवर्ती ने भी किया था लुंगी डांस

शाहरुख खान का हर फिल्म में स्टाइल निराला होता है। वो अपनी एक्टिंग से तो फैंस का दिल जीत ही लेते हैं साथ ही हर फिल्म में एक स्टाइल रखते हैं जो बाद में वायरल हो जाता है। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस सुपरहिट साबित हुई थी। इसका एक गाना लुंगी डांस आया था। जिसे हनी सिंह ने गाया था. इस गाने में शाहरुख खान लुंगी पहनकर डांस करते हुए नजर आए थे। शाहरुख से पहले मिथुन चक्रवर्ती लुंगी पहनकर डांस कर चुके हैं। उनका वीडियो वायरल हो रहा है।शाहरुख खान से पहले मिथुन चक्रवर्ती ने लुंगी पहनकर डांस किया था। वो किसी फिल्म में गांव की शादी में डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। वो लुंगी पकड़कर मस्त डांस कर रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मिथुन दा ने लुंगी और बनियान पहनी हुई है और वो किसी के साथ बैंड पर डांस कर रहे हैं। मिथुन दा का ऐसा डांस देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं। मिथुन दा के इस डांस वीडियो पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-मिथुन दादा का तो तोड़ ही नहीं है वहीं दूसरे ने लिखा-पहाड़ी सब पर भारी। एक ने लिखा-नाटो नाटो सॉन्ग का डांस इसी से इंस्पायर था। बता दें मिथुन चक्रवर्ती अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। उनकी फिल्में आती रहती हैं। वो आखिरी बार फिल्म द कश्मीर फाइल्स में नजर आए थे। उसमें उनके साथ अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, भाषा सुभली अहम किरदार निभाते नजर आए थे। ये फिल्म लोगों को बहुत पसंद आई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। फिल्म की खूब तारीफ हुई है. जिसने भी इस फिल्म को देखा था वो इसकी तारीफ करते नहीं रुके थे।

# अवनीत कौर ने साड़ी पहन फैंस के बीच शेयर किया देसी लुक

### एक्ट्रेस ने दिलकश अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर



टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी हॉट तस्वीरें शेयर की हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।अवनीत कौर की इन लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने येलो और व्हाइट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में बलखाती हुई कमर के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं।कानों में बड़े इयररिंग्स, लाइट मेकअप और डार्क शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो उनका हर एक स्टाइल लोगों के बीच ट्रेंड करता है।

CMYK

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### नवनिर्वाचित एमएलएम सुनील सोनी ने ली शपथ



**रायपुर,28 नवम्बर 2024(ए)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभागार में आयोजित समारोह में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी को विधायक पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रीगणों और विधायकों ने सोनी को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक सुनील सोनी ने शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा और उनकी सेवा में समर्पित रहूंगा।

### डॉ.केके सहारे का निलंबन हुआ रद्द

#### कोरबा मेडिकल कॉलेज के बने नए डीन

**रायपुर,28 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सिम्स के पूर्व डीन डॉ. केके सहारे के निलंबन को रद्द कर उन्हें बहाल कर दिया है। उनकी पदस्थापना कोरबा मेडिकल कॉलेज में डीन के पद पर की गई है।



### पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को झटका

**बिलासपुर,28 नवम्बर 2024(ए)।** पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली है. मामले में हाई कोर्ट ने निचली अदालत के अग्रिम जमानत नहीं देने के फैसले को बरकरार रखते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जवाब तलब किया है. मामले की अगली एक हफ्ते बाद होगी. जस्टिस रविंद्र अग्रवाल के सिंगल बेंच में आज सुनवाई हुई. पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की ओर से मामले में ईओडब्ल्यू पर झूठे आपराधिक केस में फंसाने का आरोप लगाया गया है, जिस पर उन्होंने अग्रिम जमानत याचिका लगाई है.



# ज्वाईनिंग मामले पर छत्तीसगढ़ सरकार हुई सख्त

- » तबादला होने पर सात दिनों के अंदर नहीं दी ज्वाइनिंग तो कर्मचारी पर होगी कार्रवाई...
- » स्थानांतरण आदेश के बाद 10 दिनों में कर्मचारी को कार्यमुक्त करना अनिवार्य...
- » 7 दिन में आदेश न मानने पर कर्मचारी पर निलंबन और सेवा ब्रेक की कार्रवाई...
- » 7 दिनों से अधिक अवकाश पर मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना जरूरी।



**रायपुर,28 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन ने तबादला आदेश का पालन नहीं करने वाले कर्मचारियों को लेकर सख्त निर्देश दिए है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सात बिंदुओं में दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही आदेश का पालन नहीं करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। कर्मचारी संघों का कहना है कि शासन का आदेश काफी अच्छा है और इसका पालन करना चाहिए।

### राजस्व विभाग ने लिखे कलेक्टरों को पत्र

राजस्व विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को एक पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि नायब तहसीलदार और तहसीलदारों को तत्काल भारमुक्त किया जाए। साथ ही 10 दिनों के भीत ज्वाइनिंग करने के निर्देश दिए। पत्र में कहा गया है कि 13 सितंबर को तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों का तबादला किया गया।साथ ही इसके पहले भी तबादला किया गया है। शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ अधिकारियों ने अपनी नई पदास्थापना में ज्वाइन नहीं किया है। साथ ही कुछ तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने उक्त तबादला के खिलाफ न्यायालय में याचिका भी दायर की थी।

### छत्तीसगढ़ शासन की ओर से जारी ये है सात बिंदु

✦ स्थानांतरित किए गए शासकीय सेवक को स्थानांतरण आदेश जारी होने पर 10 दिनों के भीतर कार्यमुक्त किया जाए। अगर कर्मचारी निर्धारित समयावधि में कार्यमुक्त नहीं होता है तो उसे सक्षम अधिकारी एकक्षीय भारमुक्त करने का आदेश दे सकता है। आदेश का पालन नहीं करने पर कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

✦.सात दिनों के भीतर तबादला आदेश का पालन नहीं करने पर कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाए और अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित व्यक्ति के विरुद्ध ब्रेक इन सर्विस कार्रवाई की जाए।

✦.अगर तबादला आदेश के बाद सात दिनों से ज्यादा की अवधि के लिए कर्मचारी अवकाश लेता हैतो उसे मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा जाए। मेडिकल बोर्ड अनुशंसा नहीं करता है और शासकीय सेवक अन्य अवकाश के लिए आवेदन कर अनुपस्थित रहता है तो इस अवधि को अनुपस्थिति मानकर इसे डाइज नान किया जाए।

✦.तबादला किए गए शासकीय सेवक का अवकाश नई पदास्थापना वाले कार्यालय से ही स्वीकृत किया जाए।

✦.अगर अनुसूचित क्षेत्रों के सासकीय सेवक का गैर अनुसूचित क्षेत्र में तबादला का प्रस्ताव है तो उसके एवजीदार का प्रस्ताव भी( जो गैर अनुसूचित क्षेत्र से हो) अनिवार्य रखा जाए।

✦अनुसूचित क्षेत्र से गैर अनुसूचित क्षेत्र में तबादला होने पर किसी भी अधिकारी,कर्मचारी को उसके कार्यालय प्रमुख या नियंत्रण अधिकारी तब तक कार्यमुक्त न करें, जब तक कि उसका एवजीदार उपस्थित न हो जाए।

✦. अगर एक स्थान से दूसरे स्थान में तबादला निवास स्थान में परिवर्तन के बिना हुआ है तो शासकीय सेवक के कार्यमुक्त होने के बाद एक दिन से अधिक पद ग्रहण काल की पात्रता नहीं होगी।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़ा बवाल

- » कांग्रेसी नेताओं में विवाद धक्का मुक्की से गाली गलौज तक पहुंचा,
- » बिलासपुर में कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच जमकर विवाद
- » पूर्व महापौर राजेश पांडे और सुबोध हरितवाल के बीच हुआ जमकर विवाद
- » बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सामने ही हुआ विवाद



**रायपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कांग्रेस पार्टी को नेता आपस में भिड़ गए। यह भी तब हुआ तब मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मौजूद थे। दरअसल नगरीय और पंचायत चुनावों की तौयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई थी। मीटिंग के बाद कांग्रेस पार्टी के नेता ऑफिस से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान इन दो दिग्गज नेताओं में नोक झोंक शुरू हो गई।

मामला इतना आगे बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे पर चिल्लाने के साथ साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। दोनों ही नेताओं को वहां मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रोकने की कोशिश की पर वे शेर को सवा शेर होते नजर आए। कांग्रेस पार्टी का कार्यालय अध्यक्ष की उपस्थिति में ही गालियों से गूंज उठा। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सामने ही विवाद करने वाले दोनों नेता, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल और पूर्व महापौर राजेश पांडेय हैं। इन दोनों बिना किसी मर्यादा के मीडिया के सामने जमकर गाली गलौज की। घटना का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी के आलाकमान ने गालीबाज नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### मौके पर मौजूद नेताओं में गहमा-गहमी

सुबोध हरितवाल और राजेश पांडेय के बीच हुए विवाद ने मौजूद कांग्रेस नेताओं में गहमा-गहमी का माहौल बना दिया। दोनों के बीच गाली गलौज तो ठीक था। पर बाहर मैदान में आने के बाद धक्कमुक्की होने लगी। इस बीच जब कांग्रेस के जिम्मेदारों से इस घटना को लेकर पूछ गया तो उनका कहना है कि वे इसे विवाद नहीं मानते हैं।

### इस बात पर बताया जा रहा विवाद

विवाद की शुरूआत के बारे में कहा जा रहा है कि सुबोध हरितवाल ने दफ्तर से बाहर निकलते समय कुछ कह दिया था। इस बात पर पूर्व मेयर राजेश पांडेय आग बबूला हो गए। थोड़ी देर तू तू मैं मैं हुई फिर मामला गरमा गया और दोनों पक्ष गाली गलौज करने लगे।

### ऐसे शांत हुआ मामला

बात हाथ से निकलती देख छत्तीसगढ़ कांग्रेस अक्ष्यक्ष दीपक बैज ने मोर्चा संभाला और दोनों नेताओं को शांत कराया। इस दौरान मौके पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता भी मौजूद थे। वहीं लड़ाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।




# गलत ब्लड रिपोर्ट देना पड़ा महंगा

» **उपभोक्ता आयोग ने जांच सेंटर को दिया चार लाख रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश**

**जगदलपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** बस्तर जिले में पहली बार जिला उपभोक्ता आयोग ने बड़ा फैसला सुनाया है। जहां गलत ब्लड रिपोर्ट देने वाले सेंटर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रार्थी को चार लाख रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश पारित किया गया है।

दरअसल, जगदलपुर के चिख़लीकर स्कैन एंड रिसर्च सेंटर में लैब संचालक ने ब्लड ग्रुप जांच में बड़ी लापरवाही करते हुए गलत रिपोर्ट दे दी। जिसके कारण महिला और उसके बच्चे की जान खतरे में पड़ गई थी। इस मामले में पीड़ित महिला निकिता भाटिया ने आयोग के समक्ष मामला प्रस्तुत करते हुए क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन किया था।

निकिता भाटिया ने गर्भधारण के दौरान डॉक्टर के सलाह पर कई टेस्ट चिखलीकर लैब में करवाए थे। इसी दौरान ब्लड ग्रुप का भी टेस्ट करवाया गया था, जिसमें रिपोर्ट बी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की दी गई थी। लेकिन दूसरे लैब में यह टेस्ट कराए जाने पर महिला का ग्रुप बी नेगेटिव निकला।

इसी मामले को लेकर जांच सेंटर पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए यह प्रकरण उपभोक्ता आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि यह लैब की गंभीर लापरवाही है, जिससे महिला और उसके बच्चे की जान को खतरा था। वहीं सेवाओं में कमी को लेकर लैब संचालक पर आयोग ने ₹400000 क्षतिपूर्ति देने का मामला प्रस्तुत किया है।



# विष्णुदेव साय से मुलाकात करने पहुंची 2 जिलों की सैकड़ों महिलाएं

**रायपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** चिट फंड कंपनियों की ठगी एक बार फिर से शुरू हो गई है।इससे धोखा खाई कोरबा, चांपा-जांजगीर से आई सैकड़ों महिलाएं गुरुवार सुबह सीएम हाउस के सामने धरने पर बैठ गई हैं। इन महिलाओं के मुताबिक फ्लोरा मैक्स चिटफंड ने दोगुने से अधिक लाभ का लालच देकर कोरबा चांपा जांजगीर की महिलाओं ले निवेश करवाया था।

इसके झांसे में आकर महिलाओं ने निजी बैंकों से लोन लेकर चिट फंड कंपनी में निवेश किया था। इन महिलाओं ने 30-40 हजार रूपए लोन लिया हुआ था। फ्लोरा मैक्स कंपनी से न दोगुना लाभ मिला न मूलधन। महिलाओं ने कोरबा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस पर पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। और अब लोन देने वाले निजी बैंकों के वसूली एजेंट और कर्मचारी घरों में आकर कर्जदार महिलाओं को परेशान कर रहे है। इनसे त्रस्त सैकड़ो महिलाएं गुरूवार को राजधानी पहुंची और सीएम हाउस के सामने जा बैठीं। ये महिलाएं बैंक से लिया लोन माफ करवाने सीएम विष्णु देव साय से मुलाकात करना चाह रही हैं।इन महिलाओं के साथ छोटे छोटे बच्चे भी शामिल हैं। सिविल लाइंस पुलिस महिलाओं को समझाइश देकर हटाने का प्रयास कर रही है।

# रेप पीड़िता की सरेआम हत्या की कोशिश



**रायपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक दुष्कर्म पीड़िता को जान से मारने की कोशिश की गई। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसके स्कूटी को लात मारकर गिराया और उससे मारपीट की। उसका गला दबाकर हत्या की कोशिश की गई। जानकारी के अनुसार, घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, पीड़िता अपनी सहेली के साथ मठपारा में मोपेड पर जा रही थी। इसी दौरान आरोपी निखिल यादव और उसके साथ संकल्प कुमार उसके मोपेड को लात मारकर गिराया। जिसके बाद पीड़िता के साथ मारपीट की और उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता की सहेली उसका वीडियो बनाने लगी, तो उसका मोबाइल तोड़ दिया। आसपास से गुजर रहे कुछ युवकों ने बचाव किया। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। भागने से पहले आरोपी ने पीड़िता को धमकी भी दिया कि दुष्कर्म की रिपोर्ट को वापस नहीं ली तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।

# रायपुर के डॉक्टर का सिद्धू को 850 करोड़ का नोटिस

- » नवजोत सिंह सिद्धू का दावा 40 दिन में पत्नी का कैंसर खत्म
- » कहा- डाइट और मेडिकल रिपोर्ट बताओ





**रायपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को छग सिविल सोसाइटी ने 850 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है। सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी का कहना है कि नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू द्वारा कैंसर के चौथे स्टेज की बीमारी को 40 दिनों में मात देने का दावा किया। सिद्धू ने दावा किया है कि बिना ऐलोपथी दवाओं के ही सिर्फ अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में परिवर्तन कर उनकी पत्नी ने कैंसर को मात दी है। सोसाइटी का कहना है कि उनके द्वारा कैंसर मरीजों को भ्रमित किया जा रहा है। जिसे सुनकर देश-विदेश के कैंसर ग्रसित मरीजों में भ्रम और एलोपेथी मेडिसिन से उनका विश्वास खत्म हो रहा है।

### सोसाइटी ने माफी मांगने के लिए कहा

डॉक्टर सोलंकी का कहना है कि उनके पास सारे दस्तावेज मौजूद हैं, मगर मरीज की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए इसे सामने नहीं ला रहे हैं। इन सभी मामलों पर स्पष्टीकरण की मांग करते हुए सोसाइटी ने लीगल नोटिस भेजकर सात दिनों के भीतर इलाज के दस्तावेज पेश करने और माफी मांगने की मांग की है। अगर ऐसा नहीं किया तो 100 मिलियन डॉलर यानी कि 850 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का दावा किया जाएगा।

### सोसाइटी ने यह रखी मांगें

स्वास्थ्य को लेकर आपके पति के दावे, क्या आप उनके बयान का पूर्ण समर्थन करती हैं?

एलोपैथी मेडिसिन का जो इलाज विभिन्न अस्पतालों में उन्होंने करवाया है, उससे आपको कोई भी लाभ नहीं हुआ है?

कैंसर फ्री होने में सिर्फ डाइट, नींबू पानी, तुलसी पत्ता, हल्दी, नीम पत्ता का ही सेवन का ही लाभ, किसी दवा का कोई उपयोग नहीं किया?

अगर आप अपने पति के दावे का समर्थन करती हैं तो वे सभी प्रमाणित दस्तावेज हमें 7 दिनों के भीतर उपलब्ध कराएं। जिनसे यह साबित हो कि आपने महज 40 दिनों में बिना दवा और चिकित्सकीय सहायता के मात्र डाइट में बदलाव कर चौथे स्टेज के कैंसर को मात दी है।

### स्पष्टीकरण देने की भी रखी मांग

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने लिखा है कि नवजोत कौर सिद्धू अपने पति के दावों के समर्थन में कोई प्रमाणित दस्तावेज या चिकित्सकीय प्रमाण नहीं रखती हैं। वे प्रेस वार्ता कर स्पष्टीकरण दें, क्योंकि इससे बाकी कैंसर मरीजों को भ्रम हो रहा है और वे अपनी दवा छोड़कर नवजोत सिंह सिद्धू के कथनों पर भरोसा कर अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। बता दें कि नवजोत सिंह सिद्धू ने अमृतसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था।

# महिला असिस्टेंट प्रोफेसर से होटल में बुलाकर दुष्कर्म

### आरोपी वन विभाग का रेंजर गिरफ्तार



**रायपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** रायपुर की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर से दुष्कर्म के आरोपी रेंजर विजयंत तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। कोरबा निवासी आरोपी रेंजर ने पहले महिला को अपने प्यार के जाल में फंसाया, फिर शहर के एक होटल में बुलाकर वहां उसके साथ संबंध बनाया। इतना ही नहीं जब गर्भवती हुई तो आरोपी ने शादी करने से मना कर उसका गर्भपात करा दिया।इसी बात से दुखी पीड़िता ने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाने में दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की एक साल पहले रेंजर के पद पर तैनात नरहरपुर, कांकेर निवासी विजयंत तिवारी से इंटरनेट मीडिया में दोस्ती हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ने लगी।इसके बाद आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर पीड़िता से मिलने के लिए रायपुर पहुंचा। यहां पर वीआईपी रोड़ स्थित एक होटल में युवती को मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद वहीं पर शादी का झांसा देकर और चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर शरीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद पीड़िता गर्भवती हो गई। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता का गर्भपात करा दिया। फिलहाल मामले में पुलिस ने आरोपी रेंजर को गिरफ्तार कर लिया है।

# फर्जी लेटर से अधिकारी बनने के मामले में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिरफ्तार



**रायपुर,28 नवम्बर 2024 (ए)।** कवर्धा के चर्चित विकास खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) दयाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दयाल सिंह को देर रात गिरफ्तार करने के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने रिमांड पर जेल भेज दिया। दयाल सिंह पर अवर सचिव के फर्जी लेटर के जरिये बीईओ के पद पर ज्वाइनिंग का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व में बोडला के प्रभारी बीईओ रहे दयाल सिंह कबीरधाम डीईओ वायडी साहू अवर सचिव के हस्ताक्षर से जारी एक आदेश दिया, जिसमें दयाल सिंह को प्रभारी बीईओ बोडला के पद पर पदस्थ करने का निर्देश था। इसमें यह भी बताया गया है कि दयाल सिंह का निलंबन समाप्त कर दिया गया है।

आदेश देखते हुए डीईओ ने दयाल सिंह को ज्वाइनिंग दे दिया, लेकिन अचानक उनकी नजर आदेश पर दर्ज तारीख पर पड़ी। आदेश पर 19 जुलाई 2024 की तारीख दर्ज थी। पुरान आदेश देखकर डीईओ साहू के होश उड़ गए। सूत्रों के अनुसार आनन-फानन में दयाल सिंह की ज्वाइनिंग को निरस्त करते हुए आदेश को सत्यापना के लिए डीपीआई को भेजा गया। डीपीआई ने आर्डर को फर्जी बताया दिया था। इसके आधार पर दयाल सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इस ममालें में दयाल सिंह लगातार फरार चल रहे थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)